इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
किडनी एवं मूत्र विशेषज्ञ
डॉ. तरुण ध्रुव
MBBS, FID, CCIDS, FIN
CONSULTING PHYSICIAN
IN NEPHROLOGY

डायलिसिस व सभी प्रकार के पथरी का इलाज उपलब्ध
प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार
समय: सुबह 9:30 से 11:30
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9301033013, 9752899208

वर्ष- 44 | अंक - 288 | राजनांदगांव, शनिवार 06 सितम्बर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा भारत, वृत्तमंत्री सीतारमण बोलीं-राष्ट्रीय हित सर्वोपरि

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साफ किया है कि भारत रूस से कच्चा तेल खरीदता रहेगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय पूरी तरह भारत के राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रख कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा, हम अपनी जरूरतों, कीमतों और लॉजिस्टिक्स को देखकर फैसला लेते हैं। विदेशी मुद्रा और ऊर्जा सुरक्षा हमारे लिए अहम है। सीतारमण ने स्पष्ट किया कि भारत के कुल आयात खर्च में कच्चे तेल की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। ऐसे में, जहां से सस्ता और स्थिर तेल मिलेगा, भारत वहां से आयात करेगा। उन्होंने कहा, हम अपनी जरूरतों के मुताबिक निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं। रूस से तेल खरीदना हमारी आर्थिक रणनीति का हिस्सा है।



### अमेरिका का दबाव, लेकिन भारत अडिग

सीतारमण का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर रूस से तेल खरीदने को लेकर सवाल उठाए हैं। ट्रंप ने यह भी कहा है कि भारत जैसे देशों पर सेकेंडरी टैरिफ लागू करना रूस पर सीधी कार्रवाई के बराबर है। 27 अगस्त से भारत पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क भी लागू कर दिया गया है।

### ट्रंप की चेतावनी: टैरिफ का अगला चरण जल्द

राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी है कि रूस से व्यापार जारी रखने वाले देशों पर फेज 2 और फेज 3 टैरिफ लगाए जाएंगे। उन्होंने भारत को चीन के बाद रूस से सबसे अधिक तेल आयात करने वाला देश बताया और कहा कि अगर भारत आयात जारी रखता है, तो आगे और दंडात्मक कदम उठाए जा सकते हैं। सीतारमण ने यह भी कहा कि GST जैसे टैक्स सुधारों से टैरिफ का प्रभाव कम होगा। उन्होंने कहा कि सरकार इसके ज़रिए उद्योगों पर पड़ने वाले बोझ को संतुलित करने की कोशिश कर रही है। इससे टैरिफ के कारण महंगाई या लॉजिस्टिक खर्च में बढ़ोतरी को काबू में लाया जा सकेगा। बहरहाल सीतारमण ने उन उद्योगों के लिए राहत पैकेज की घोषणा का संकेत भी दिया, जो अमेरिका के नए टैरिफ से प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने कहा, सरकार उनके लिए विशेष पैकेज ला रही है, जिससे उनका व्यापार प्रभावित न हो।

## दिल्ली-एनसीआर में बाढ़, मंदिर और बाजार डूबे: राजस्थान के अजमेर में बैराज तालाब टूटा, पंजाब में पंजाब में 43 मौतें

नई दिल्ली/ चंडीगढ़/ शिमला /देहरादून। बारिश से पहाड़ी राज्यों से लेकर मैदानी इलाकों तक तबाही आ गई है। दिल्ली-एनसीआर में लगातार बारिश के कारण यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इससे कई इलाकों में बाढ़ आ गई है। नोएडा में सेक्टर-135 और सेक्टर-151 डूब गए हैं। कई इलाके में 3 से 4 फीट पानी भरा है।



हरियाणा के पंचकूला, हिसार, रोहतक और झज्जर में सभी स्कूल बंद हैं। फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर और फरीदाबाद में भी कुछ स्कूल बंद कर दिए गए हैं। गुरुग्राम की सिग्नेचर ग्लोबल सलोरा सोसाइटी में गुरुवार को पानी भर गया। इससे महिलाएं और बच्चे घरों में कैद हो गए।

राजस्थान के अजमेर में गुरुवार रात भारी बारिश के बाद बोराज तालाब की दीवार ढह गई। इससे 1 हजार से ज्यादा घरों में अचानक सैलाब आ गया। लोगों ने छतों पर जाकर जान बचाई। पानी का बहाव इतना तेज था कि कई गाड़ियां बह गईं। मकान क्षतिग्रस्त हो गए। देर रात तक लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चला।

पंजाब में बाढ़ में मरने वालों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 43 हो गई। राज्य के 23 जिलों के 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। 1.71 लाख हेक्टेयर जमीन पर लगी फसलें बर्बाद हो गई हैं। राज्य में अगले 5 दिन बारिश का कोई अलर्ट नहीं है। इससे बाढ़ से राहत मिल सकती है। कश्मीर का देश के बाकी हिस्सों से संपर्क कटा कश्मीर में गुरुवार को बारिश और लैंडस्लाइड के कारण जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे सहित सभी सड़कें बह गईं या टूट गईं। इससे घाटी का देश के बाकी हिस्सों से संपर्क कट गया है। झेलम नदी का जलस्तर कम हो गया है। नदी अब खतरे के निशान से नीचे बह रही है। हालांकि, एहतियात के तौर पर, कश्मीर रीजन के स्कूल और कॉलेज शनिवार, 6 सितंबर तक बंद कर दिए गए हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राष्ट्र का उ ज्वल भविष्य गढ़ने की नींव है शिक्षक- पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर देश के सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते विशेष संदेश दिया। उन्होंने शिक्षकों को राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य गढ़ने की नींव बताया। पीएम मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति और महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को भी याद किया। बता दें कि राधाकृष्णन की जन्मतिथि को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा, विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा व उच्च संस्कार देते हुए राष्ट्र निर्माण में जुटे सभी गुरुजनों, आचार्यों व अध्यापकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। एक शिक्षक के रूप में विशिष्ट योगदान देने वाले डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर देश का भविष्य संवारने में जुटे सभी शिक्षकों का मैं अभिनंदन करता हूं। भारत की संस्कृति और संस्कारों में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। अपनी वाणी से जन-जन का जीवन आलोकित करने वाले कबीर दास जी ने कहा है-



*सब धरती कागद करूं,*
*लेखनी सब बनराय।*
*सात समुद्र की मसि करूं,*
*गुरु गुण लिखा न जाय।।*

अर्थात् गुरु के गुण इतने अनंत और महान हैं कि पूरी धरती को कागज, जंगल को कलम और समुद्र को स्याही बना लें, तब भी गुरु के गुणों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## केन्द्र के 72 में से 29 और राज्य सरकारों के 273 मंत्रीगण क्रीमिनल: ए.डी.आर.

नई दिल्ली। देश की राजनीति में अपराध ऐसा घुलमिल गया है कि हमारे आला नेताओं को लगता है इसकी कोई फिक्र ही नहीं है। जब संसद में तीन बिल पेश किए गये जिसमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों की गिरफ्तारी हो या पांच वर्षों या उससे अधिक समय की सजा के लिए गंभीर फौजदारी अपराध के लिए 30 दिनों तक कारावास में रहना पड़े तो उसे अपने पद से इस्तीफा देना पड़ेगा, यह शामिल है।

ए.डी.आर. ने इसके लिए देश की कुल 27 विधानसभा, तीन केन्द्र शासित प्रदेश और केन्द्रीय कैबिनेट मंत्रियों के कुल 643 शपथ-पत्रों का निरीक्षण किया था, जिसमें उसने देखा था कि कुल 302 मंत्रियों याने कि लगभग 50 फीसदी जितने मंत्रियों के सामने फौजदारी केसों के होनें की जानकारी मिली थी। इन 302 मंत्रियों में से 60 प्रतिशत से भी अधिक याने कि 174 मंत्रियों के विरूद्ध तो गंभीर फौजदारी केस हैं, ऐसा रिपोर्ट में कहा गया है।

ए.डी.आर. (एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्मस) के विश्लेषण के अनुसार भाजपा के कुल 336 मंत्रियों में 40 प्रतिशत याने कि 136 मंत्रियों ने तो स्वयं अपने ही विरूद्ध फौजदार केस होना बताया है। जिसमें देश की कुल 30 विधानसभा में 11 अरबपति मंत्री हैं। जिसमें कर्नाटक में सर्वाधिक 8 मंत्री अरबपति है। उसके बाद, आंध्र में 6 और महाराष्ट्र में 4 मंत्री अरबपति हैं। इस प्रकार, प्रत्येक मंत्रियों के पास 37.27 करोड़ की सम्पत्ति होना कहा जाता है। अरूणाचल प्रदेश, दिल्ली, तेलंगाना और हरियाणा में दो-दो मंत्री अरबपति है। जब कि गुजरात, मध्यप्रदेश और पंजाब के एक-एक मंत्री अरबपति है। जब कि, केन्द्र सरकार के कुल 72 मंत्रियों में से 6 मंत्री अरबपति हैं। अब दलवार देखें तो भाजपा के कुल 14 मंत्री अरबपति हैं, जो सबसे अधिक हैं। उन कुल अरबपति मंत्रियों का 4 प्रतिशत हिस्सा होता है। जब कि, कांग्रेस भी पीछे नहीं है। उसके कुल 61 मंत्रियों में से 11 अरबपति हैं। जिसका प्रतिशत के हिसाब से 18 प्रतिशत होता है। जबकि, टीडीपी के 6 अरबपति हैं। इसके अलावा, आम आदमी पार्टी, जनसेवा पार्टी, जेडी (एस), एनसीपी और शिवसेना के भी एक-एक मंत्री अरबपति हैं।

## छत्तीसगढ़ सरकार में 14 मंत्रियों की नियुक्ति पर हाईकोर्ट में नई याचिका

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ सरकार में 14 मंत्री बनाए जाने की संवैधानिकता को चुनौती देते हुए एक और याचिका दायर की गई है। इस बार कांग्रेस पार्टी के संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। इस याचिका पर आगामी सोमवार को सुनवाई तय की गई है। इससे पहले सामाजिक कार्यकर्ता बसदेव चक्रवर्ती ने हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका लगाई थी। इस याचिका में भी मंत्रिमंडल में 14 मंत्री बनाए जाने को असंवैधानिक बताया गया था।



**कांग्रेस ने दी संवैधानिक चुनौती**

याचिकाकर्ता ने पीआईएल में सामान्य प्रशासन विभाग, मुख्यमंत्री समेत सभी 14 मंत्रियों को पक्षकार बनाया है। याचिका में छत्तीसगढ़ में 90 विधानसभा सीटों की तुलना में 14 मंत्री बनने पर 15त्न की सीमा क्रॉस करने की बात कही गई है, जो संविधान के अनुच्छेद 164(1 ए) का उल्लंघन बताया गया है।

इस मामले में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में सुनवाई चल रही है। पिछले सुनवाई में शासन की ओर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ट्रम्प बोले- हमने भारत-रूस को चीन के हाथों खो दिया: टैरिफ वॉर के बीच एससीओ समिट के बाद नरम पड़े ट्रंप

वॉशिंगटन। अमेरिका की तरफ भारत पर लगाए गए टैरिफ के बाद दोनों देशों के बीच तनाव देखने को मिल रहा है। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार भारत पर निशाना साधते नजर आ रहे थे। लेकिन चीन में हाल ही में संपन्न हुए एससीओ सम्मेलन के बाद अब ट्रंप के तेवर नरम पड़ते दिख रहे हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिखा कि, लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को सोशल मीडिया ट्रुथ पर पोस्ट में एक तस्वीर भी शेयर की है। इस तस्वीर में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट में डोनाल्ड ट्रंप ने लिखा कि, लगता है कि हमने भारत और रूस को गहरे, अंधकारमय चीन के हाथों खो दिया है। ईश्वर करे कि उनका भविष्य लंबा और समृद्ध हो।

### एससीओ समिट ने खींचा विश्व का ध्यान

ट्रंप की यह टिप्पणी पर उस समय आई है जब पिछले दिनों चीन के तिआनजिन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नजदीकियों ने विश्व का ध्यान खींचा था। भारत-अमेरिका संबंधों में खटास तब और गहरी हो गई जब ट्रंप प्रशासन ने भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ दोगुना कर 50 प्रतिशत कर दिया और साथ ही रूस से कच्चा तेल खरीदने पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क भी लगा दिया।

### ट्रंप के पोस्ट पर विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया

वहीं अपने साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस पोस्ट को लेकर सवाल पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की तबीयत बिगड़ी, हॉस्पिटल में भर्ती

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की तबीयत खराब हो गई है. डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पिछले 2 दिनों से उनकी तबीयत नासाज थी. सूत्रों की मानें तो उन्हें वायरल फीवर और डाइजेशन से संबंधित समस्या थी. वह दवाएं लेकर घर पर ही आराम कर रहे थे, लेकिन तबीयत में कोई सुधार नहीं होने और ब्लडप्रेशर में उतार-चढ़ाव के कारण उन्हें आज अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा.



मुख्यमंत्री भगवंत मान शुक्रवार को चंडीगढ़ में पंजाब कैबिनेट की बैठक की अध्यक्षता करने वाले थे. अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री के बीमार पड़ने के बाद बैठक स्थगित कर दी गई है. इस बैठक में राज्य में चल रहे राहत और बचाव कार्यों पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद थी, जो बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित है. इससे पहले कल वह आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ सुल्तानपुर लोधी का दौरा करने वाले थे. इस इलाके के कई गाँव बाढ़ से प्रभावित हैं. लेकिन तबीयत खराब होने के कारण वह नहीं जा सके थे. हालांकि, केजरीवाल ने बाद में अकेले ही कपूरथला जिले के सुल्तानपुर लोधी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया. अरविंद केजरीवाल गुरुवार को मुख्यमंत्री मान के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शिक्षक दिवस: छत्तीसगढ़ में बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान से जोड़ने की पहल, सीएम साय ने शुरु किया मिशन अंतरिक्ष

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज शिक्षक दिवस के विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री निवास परिसर से स्कूली बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जागरूकता के लिए मिशन अंतरिक्ष और प्रोजेक्ट जय विज्ञान अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान जिला प्रशासन रायपुर और इग्नाइटिंग ड्रीम्स ऑफ यंग माइंड फाउंडेशन तथा जिला प्रशासन रायपुर और विज्ञान भारती के मध्य दो महत्वपूर्ण समझौते हुए, जिनसे बच्चों को अंतरिक्ष से जुड़े विषयों की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।



मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों की ओर से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को उनकी सफल अंतरिक्ष यात्रा के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनका अभिनंदन किया। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को नमन करते हुए सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री साय ने जिला प्रशासन की इस विशेष पहल की सराहना करते हुए कहा कि इन समझौतों का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और विज्ञान के प्रति जिज्ञासा एवं उत्साह को बढ़ाना है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक सोच है। विज्ञान प्रश्न पूछने और तर्क करने की शक्ति और समस्याओं का समाधान खोजने की क्षमता प्रदान करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रोजेक्ट जय विज्ञान के अंतर्गत आयोजित कार्यशालाएं, विज्ञान प्रदर्शनियां, प्रतियोगिताएं और नवाचारी परियोजनाएं विद्यार्थियों को नई चीजें सीखने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर देंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से छत्तीसगढ़ के बच्चे केवल ज्ञान के उपभोक्ता नहीं, बल्कि नए विचारों और खोजों के सृजनकर्ता बनेंगे। यही आत्मनिर्भर भारत और विज्ञान-आधारित समाज की सच्ची नींव है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अनिल अंबानी की मुश्किलें बढ़ीं, एक और बैंक ने दर्ज कराई एफआईआर, लोन फ्रॉड से जुड़ा है मामला

नई दिल्ली। अनिल अंबानी और उनकी कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशन के खिलाफ सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है। CBI ने 2929 करोड़ रुपए के एसबीआई लोन फ्रॉड मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह मामला साल 2012 से 2017 के बीच लिए गए टर्म-लोन और शॉर्ट-टर्म लोन की कथित हेराफेरी और गलत इस्तेमाल से जुड़ा है।



### एसबीआई की शिकायत पर सीबीआई की कार्रवाई

सीबीआई ने यह एफआईआर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुंबई की शिकायत पर दर्ज की है। एफआईआर में अनिल अंबानी, रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड, अज्ञात सरकारी कर्मचारी और अन्य लोगों के नाम शामिल हैं। आरोप है कि कंपनी ने बैंक से लिए गए लोन का गलत इस्तेमाल किया और आपस में ही फंड ट्रांसफर करके बैंक को करीब 2929 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया। इस घोटाले का खुलासा तब हुआ जब फॉरेन्सिक ऑडिट फर्म BDO India LLP ने अपनी रिपोर्ट 2020 में एसबीआई को सौंपी। इसमें 2013 से 2017 के बीच की वित्तीय गड़बड़ियों का जिक्र है। रिपोर्ट के मुताबिक, RCOM ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### जशपुर हादसे पर पीसीसी चीफ बैज ने सीएम साय को लिखा पत्र

## पीड़ित परिवारों को 50-50 लाख रूपये मुआवजा देने की मांग

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बगीचा जशपुर हादसे के पीड़ित परिवारों को 50-50 लाख रूपये आर्थिक मुआवजा प्रदान करने और घायलों को समुचित आर्थिक सहायता व निःशुल्क व अच्छे इलाज की व्यवस्था की मांग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है. श्री बैज ने पत्र में लिखा कि जशपुर में 03.09.2025 को गणेश विसर्जन के दौरान 04 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई, साथ ही 20 से अधिक लोग घायल हुए. इस भीषण हादसे ने पूरे प्रदेश को स्तब्ध कर दिया है, इस हृदय विदारक दुर्घटना में निर्दोष लोगों की असमय मृत्यु से उनके परिवारों पर गहरा संकट आ पड़ा है. उल्लेखनीय है कि यह हादसा स्वयं आपके गृह जिले में हुआ है, जहां जनता स्वाभाविक रूप से सरकार और विशेष रूप से मुख्यमंत्री से तत्काल संवेदनशीलता एवं सहयोग की अपेक्षा रखती है. मानवता और जनहित के दृष्टिकोण से यह आवश्यक है कि राज्य सरकार इन परिवारों को यथाशीघ्र पर्याप्त आर्थिक सहयोग प्रदान करे. पूर्व में भी जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तब जशपुर जिले के ही पत्थलगांव (शेष पृष्ठ 6 पर...)



पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना,नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनवाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक
न्यू बस स्टैण्ड, न्यू अंसारी होटल के बाजू से हाऊसिंग बोर्ड काम्पलेक्स, शॉप नं. U/82, राजनांदगांव (छ.ग.)
मो.नं.- 7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

## सुरक्षाबलों के साथ एनकाउंटर में महिला नक्सली ढेर, राइफल और ग्रेनेड लॉन्चर बरामद

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने एक महिला नक्सली को मार गिराया। यह एनकाउंटर नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले की सीमा से लगे एक वन क्षेत्र में हुआ। महिला नक्सली के पास से एक .303 राइफल और दो बीजीएल (बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) लॉन्चर और दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुएं बरामद की गई हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ उस समय हुई जब नारायणपुर और दंतेवाड़ा से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और राज्य पुलिस बल की दोनों इकाइयों, विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की एक संयुक्त (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## केंद्र सुनिश्चित करेगा जीएसटी की दरों में कटौती का लाभ आम लोगों को मिल - पीयूष गोयल

नई दिल्ली। जीएसटी की दरों में कटौती का लाभ आम उपभोक्ताओं को मिले यह सुनिश्चित करने के लिए केंद्र निगरानी रखेगा। केंद्र मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को यह आश्वासन दिया। उनके अनुसार उद्योग जगत ने भरोसा दिया है कि विभिन्न वस्तुओं पर करों में कटौती का असर उनकी कीमतों में दिखेगी। गोयल ने कहा कि ऐसा हो पा रहा है या नहीं, सरकार इसकी निगरानी करेगी।



जीएसटी परिषद ने हानिकारक वस्तुओं को छोड़कर सभी उत्पादों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दर के तहत लाने को हरी झंडी दे दी है। कई आवश्यक वस्तुओं पर कर को शून्य करने का निर्णय लिया गया है। ये बदलाव 22 सितंबर को नवरात्र के पहले दिन से लागू होंगे। भाजपा के संवाददाता सम्मेलन में गोयल ने इस तर्क को खारिज कर दिया कि भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के अमेरिका के फैसले के कारण मोदी सरकार ने जीएसटी के ढांचे में सुधार किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय राज्यों और केंद्र के सचिवों व वित्त मंत्रियों के बीच लगभग एक साल तक चले विचार-विमर्श के बाद लिया गया। उन्होंने कहा, इस निर्णय (जीएसटी) का किसी भी देश के किसी भी फैसले से कोई संबंध नहीं है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# गणेश विसर्जन झांकी में सुरक्षा व्यवस्था हेतु सिविल कपड़ों में तैनात रहेगी 5 टीम

राजनांदगांव (दावा)। आज शहर में धूमधाम के साथ गणेश विसर्जन झांकी निकलने वाली है। इसे देखते हुए पुलिस द्वारा लोगों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु सादे कपड़ों में 5 टीम तैनात किया गया है। उक्त टीम द्वारा गुण्डा बदमाश, आसामाजिक तत्वों, जेबकतरों, चाकूबाजों आदि की धरपकड़ हेतु निगरानी रखेगी और उनकी धरपकड़ कार्यवाही करेगी।

बताया गया है कि आज 6 सितंबर शनिवार को शहर में गणेश झांकी के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए

## चाकूबाज व धारदार हथियार आदि रख कर घुमने वालों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में वर्दीधारी बल के अलावा सायबर सेल के 05 टीम जो सायबर प्रभारी विनय पम्मार के नेतृत्व में सिविल कपड़ों में तैनात रहेगी जो झांकी के दौरान झांकी के रूट एवं भीड़भाड़ वाले अन्य जगहों में घूम-घूम कर गुण्डा बदमाश, आसामाजिक तत्वों, जेबकतरों, चाकूबाजों आदि पर नजर बनाये रखेगी एवं संदिग्ध पाये जाने पर उनकी चेकिंग करेगी किसी भी प्रकार का धारदार वस्तु चाकू आदि मिलने पर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करेगी। गणेश झांकी के दौरान सी.सी.टी.व्ही के साथ-साथ ड्रोन कैमरों से भी नजर रखी जायेगी। आम जनता से अपील है कि संदिग्ध गतिविधि की आसूचना व सूचना तत्काल पुलिस कन्ट्रोल रूम एवं निकटतम थाना को देवें ताकि समय रहते आवश्यक कार्यवाही करने में पुलिस को सहयोग मिल पायेगा।

## पहला कॉलम...

### माउंट आबू से राजयोगी सूरज भाई का आज राजनांदगांव आगमन



राजनांदगांव (दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय केअंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से वरिष्ठ राजयोग शिक्षक राजयोगी सूरज भाई जी का आज राजनांदगांव आगमन होने जा रहा है। उनके पावन सानिध्य में 6 एवं 7 सितम्बर को ब्रह्माकुमारीज राजनांदगांव के डोंगरगांव रोड, गोकुलनगर के आगे, बिजली सब स्टेशन के पास नवनिर्मित भवन 'ज्ञान मानसरोवर' में योग तपस्या भट्ठी का कार्यक्रम होगा। इस योग तपस्या भट्ठी में ब्रह्माकुमारीज से जुड़े हजारों भाई बहने शामिल होंगे। ब्रह्माकुमार राजयोगी सूरज भाई जी का जन्म सन् 1950 में उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के पास एक गांव में धार्मिक परिवार में हुआ। बचपन से ही आप आध्यात्मिकता में रुचि रखते थे। सन् 1964 में आप ब्रह्माकुमारीज के संपर्क में आये। आपने संस्था के साकार संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की पालना ली और सन 1968 में आपने अपना सर्वस्व जीवन ईश्वरीय सेवा से मानव सेवा अर्थ समर्पित कर दिया। आपको राजयोग के प्रयोग से बीमारियों को ठीक करने का विशेष कला प्राप्त है। हजारों भाई बहनों के बीमारियों को आपने योग के प्रयोग से ठीक किया है। आपको आपकी आध्यात्मिक सेवाओं के लिए अनेक सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा अनेक सम्मानों से सम्मानित किया गया है। आपके द्वारा लिखित पुस्तक तनाव मुक्त जीवन, संकल्प शक्ति का प्रयोग, राजयोग अमृतधारा इत्यादि से अनेकों लोग लाभान्वित होते है। आप जैसे महान आत्मा का राजनांदगांव आना हम सभी नगरवासी भाई बहनों के लिए अत्यन्त गौरव की बात है। आपके साथ राजयोगी रोहित भाईजी एवं ब्रह्माकुमारी गीता दीदीजी भी पधार रहे हैं।

### संचालित दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास संस्थान अभिलाषा में वृक्षारोपण



राजनांदगांव (दावा)। नगर में संचालित दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास संस्थान अभिलाषा में हरितालिका तीज पर्व के पावन अवसर पर एक पेड़ मां के नाम से संस्था की प्राचार्य श्रीमती वंदना तुरहाते व सहयोगी स्टाफ श्रीमती कल्पना मेश्राम, ललिता घृत लहरें द्वारा संस्था प्रांगण में श्रीफल का पेड़ लगाया गया।

### राघवेंद्र चुने गए यादव समाज के अध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। शहर से लगभग 7 किमी दूर नेशनल हाईवे समीप स्थित ग्राम मनकी में यादव समाज की बैठक रखी गई। उक्त बैठक में समाज के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। इस दौरान सर्वसम्मति से समाज के पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। जिसमें समाज के राघवेंद्र यादव को अध्यक्ष तथा लक्ष्मी चंद यादव को उपाध्यक्ष चुना गया। सचिव विनय कुमार यादव सहसचिव महेंद्र कुमार यादव एवं समाज के सलाहकार शिवलाल यादव जगदीश यादव चपरासी पुनाराम यादव चुने गए। इन पदाधिकारियों का समाज के लोगों द्वारा गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान समस्त यादव समाज के लोगों ने सर्व सम्मति से समाज में शराबबंदी का निर्णय लिया और नशा मुक्त गांव बनाएंगे ,,शराब मुक्त समाज बनाएंगे का नारा लगाया गया। उक्ताशय की जानकारी गांव के सरपंच प्रतिनिधि नीलचंद यादव द्वारा दी गई है।

### ननुहाराम देवांगन



राजनांदगांव (दावा)। शंकरनगर बजरंगपुर नवागांव मार्ग निवासी ननुहाराम देवांगन का विगत दिनों आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 75 वर्ष के थे। स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। वहां शोकसभा आयोजित कर मृतात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। स्व. देवांगन, मोहन, जोहन व टेंट हाउस के संचालक रमेश देवांगन के पिता थे।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
06th Sep To 11th Sep 2025




Baaghi 4 - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
The Bengal Files - 11:30am and 05:45 pm
The Conjuring Last Rites - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Dil Madharaasi - 09:30 pm
Param Sundari - 03:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
ता. 5 सितंबर से रोजाना 4 खेल
ईद एवं गणेश विसर्जन पर
नरसिम्हा
महाअवतार




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का भाजयुमो ने किया भव्य स्वागत

### शहर व ग्रामीण के सभी मंडलों ने की अगुवानी




राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता युवामोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा को गुरुवार को राजनांदगांव जिले में प्रथम आगमन हुआ। इस दौरान युवामोर्चा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। जिले भर से पहुंचे पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर और नारे लगाकर प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन किया।

जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर ने बताया कि, प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर स्वागत का सिलसिला ग्राम टेड़ेसरा से शुरु हुआ। जहां ग्रामीण मंडल युवा मोर्चा ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद राहुल टिकरिहा का काफिला सबसे पहले डोंगरगढ़ पहुंचा। जहां उन्होंने मां बम्लेश्वरी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में क्षेत्रीय पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से उन्होंने भेंट की और संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में मार्गदर्शन दिया। दर्शन उपरांत प्रदेश अध्यक्ष चंद्रगिरी तीर्थ भी पहुंचे। यहां से सड़क मार्ग से राजनांदगांव के लिए रवाना हुए। ग्राम तुमड़ीबोड़ में पदाधिकारियों यश पारख, राजू यदु, तिमेश साहू सहित कार्यकर्ताओं ने उन्हें मालाओं से लादकर उनकी अगुवानी की।

संस्कारधानी में प्रवेश करते ही आंबेडकर चौक पर जिला भाजयुमो की टीम ने ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच उनका स्वागत किया। यहां मंच पर चढ़कर प्रदेश अध्यक्ष ने सभी का अभिनंदन किया और युवाओं के इस जोश को सराहते हुए कहा कि यह संगठन क्षमता और एकता ही भाजयुमो की पहचान और भाजपा के संस्कार हैं। इसके बाद काफिला प्यारेलाल चौक पर रिभय मधुसूधन यादव ने टीम के साथ और महावीर चौक में उत्तर दक्षिण मण्डल अध्यक्ष सज्जन ठाकुर, प्रखर श्रीवास्तव के नेतृत्व में मण्डल पदाधिकारियों ने अध्यक्ष का अभिनंदन किया। यहां से से होते हुए शहर के मुख्य मार्गों से काफिला गुजरा। हर स्थान पर युवामोर्चा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### जिला कार्यालय में अभिनंदन समारोह

शहर भ्रमण के बाद प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का काफिला जिला भाजपा कार्यालय पहुंचा। जहां अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महांत्री सौरभ कोठारी और रविंद्र वैष्णव, मोनू बहादुर सिंह, सुमित भाटिया, गोलू गुप्ता भी मौजूद रहे। मंच पर जिले के वरिष्ठ नेताओं, भाजपा पदाधिकारियों और युवामोर्चा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इस दौरान संगठन विस्तार, युवाओं की भागीदारी और आने वाले समय की कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई।

# वंदे भारत प्रतियोगिता में नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल प्रथम




राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के बच्चों ने विगत 30 अगस्त को अजीज पब्लिक स्कूल, इंदामरा द्वारा आयोजित वंदे भारत समूह गीत एवं नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेकर समूह गीत में द्वितीय एवं समूह नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। देशभक्ति विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में शहर के सभी स्कूलों ने अपनी सहभागिता निभाई। जहां एनबीआईएस ने अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर यह उपलब्धि प्राप्त की। प्रतियोगिता में शाला के बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से शाला परिवार में हर्ष का माहौल है। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा प्रतिभागी सभी बच्चों के साथ ही मार्गदर्शन करने वाले शिक्षकों को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता में सामूहिक नृत्य में आनंदी अवस्थी, आस्था जैन, कर्मन कौर भाटिया, पावनी मिश्रा, साक्षी साहू, वृद्धि शर्मा, हिमांशी वैष्णव, ईशान तिवारी, आर्यन श्रीवास्तव, शौर्य श्रीवास्तव, निकुम जैन, रुद्रांश जैन, पलक जोशी, खुशाग्र साहू, संस्कार राज वैष्णव व प्रणय शर्मा ने सहभागिता निभाई तथा सामूहिक गायन में शाला के दिव्यांश अग्रवाल, कनिष्का साहू, अनन्या कुशवाहा, दुलिशा परमार, रिद्धि जैन, मनन पंजवानी, कौस्तुभ क्षीरसागर, काव्य अग्रवाल व अक्षत लोहिया ने हिस्सा लिया। बच्चों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में समूह नृत्य को प्रथम स्थान आने पर 3100 व समूह गीत को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 2100 रुपए की नगद राशि प्रदान की गई। नृत्य का मार्गदर्शन शिक्षिका हेतल पित्रोड़ा, तरुण रामटेके व रेणुका गुप्ता द्वारा किया गया, वहीं समूह गायन में शिक्षक हेमंत हिरवानी, हेमंत साहू व श्रिया मार्जिवे द्वारा मार्गदर्शन किया गया।

### सनातन संस्कृति के अनुरूप ही करें गणेश विसर्जन- पटाक

राजनांदगांव (दावा)। आज संस्कार धानी नगरी में धूमधाम के साथ गणेश विसर्जन झांकी निकाली जाएगी। सनातन धर्म महासभा परिवार के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक व जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, सौरभ खंडेलवाल ने सभी गणपति उत्सव समिति व डीजे वालों से अनुरोध किया है कि भगवान गणेश जी का विसर्जन सनातन संस्कृति के अनुरूप ही करें व डीजे में सिर्फ भगवान के मधुर भजनों व सनातन परंपरा के साथ श्री गणेश प्रतिमा का निर्धारित तिथि व शुभ मुहूर्त पर विसर्जन करें। श्री पटाक ने कहा कि सनातन धर्म सेवा परिवार की पूरी टीम पूर्ण रूप से सभी गणेश उत्सव समितियां का सम्मान करते हुए सनातन परंपरा के अनुरूप विसर्जन करने की अपील करती है।

# नवयुवक गणेश मंडल द्वारा मुस्लिम समाज के जुलूस का किया भव्य स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी के नवयुवक गणेश मंडल गुड़ाखू लाईन राजनांदगांव गौरवशाली परम्परा के 93 वर्ष में गणेश पंडाल पर विभिन्न आयोजन किया गया। गणेश चतुर्थी को रात्रि सुंदर कांड का पाठ (गणेश मिश्रा द्वारा) का आयोजन किया गया। प्रतिदिन भक्तों के लिए प्रसादी का वितरण संध्या आरती के बाद किया जा रहा था इसके अलावा नवयुवक मंडल के एवं वर्षो से तन-मन-धन से सेवा दे रहे वरिष्ठ संरक्षक सदस्यों शरद वर्मा, डॉ. जय प्रकाश द्विवेदी, राजकुमार हरिहारनो, मूलचंद गुप्ता, भीमसेन बजाज इन सभी सदस्यों का वर्तमान कार्यकारिणी द्वारा सम्मान किया गया एवं मुस्लिम समाज द्वारा मोहम्मद पैगम्बर साहब के जन्मदिन पर निकाले गए (ईद मिलादुन्नबी) की जुलुस में शामिल सभी मुस्लिम भाईयों पुष्पा वर्षा कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उक्त सभी आयोजनों में नवयुवक गणेश मंडल के कार्यकारिणी सक्रिय सदस्यों प्रकाश बैद, विपला चौहान, किशोर विश्वकर्मा, संतू विश्वकर्मा, संजय वाडेकर, राजू माथुरिया, गोपाल चौरसिया, शिसिर महाराज, बंटी गुप्ता, महेश उत्तलवार, हर्ष वर्मा, प्रवेश चौहान, पप्पू माथुरिया, योगेश पाण्डेय, रिंकू कसार, संजू कसार, गोली कसार, सौरभ विश्वकर्मा, मोनू विश्वकर्मा, शिवा देवांगन, अंकित विश्वकर्मा, नरेन्द्र जय बजाज उक्त सदस्यगण इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। उक्त जानकारी नवयुवक मंडल के सदस्य रितेश यादव ने दी।

**न्यायालय तहसीलदार मानपुर, जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रं./202507300100014
अ-19 (3) वर्ष 2024-25

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महोदय मानपुर जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी के आदेश पत्र दिनांक 04.08.2025 के अनुसार कार्यालय कलेक्टर (आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग) जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी के पत्र क्र./807/आदि.वि./निर्माण / 2025-26 मोहला, दिनांक 03.07.2025 के द्वारा पोष्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास मानपुर के भवन निर्माण हेतु ग्राम मानपुर प.ह.नं. 03 तहसील मानपुर स्थित भूमि ख.नं. 11 कुल रकबा 2. 469 हे. में स्थित शासकीय घास मद की भूमि आवंटन की मांग किये जाने पर प्रकरण प्राप्त हुआ है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को अगर कोई दावा आपत्ति हो तो उद्घोषणा प्रकाशन पश्चात दिनांक 16.09.2025 के पूर्व अपना दावा/आपत्ति मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या वकील, मुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर से एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 25.08.2025
पेशी दिनांक 16.09.2025

**तहसीलदार
मानपुर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने लखोली (बख्शी नगर), हाउसिंग बोर्ड कालोनी, राजनांदगांव तह.व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) प्लॉट नं. HIG-A/13, रकबा 117.00 वर्ग मीटर/1258.92 वर्गफुट को श्रीमती मंगला जैन, ध.प. श्री राकेश जैन, निवासी-गंज लाईन, राजनांदगांव, तह. व जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) से खरीदने का पक्का सौदा कर लिया है एवं बयाना राशि भी दे दिया है। इस विक्रय के सौदे पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय विभाग, स्थानीय निकाय अथवा इनके अतिरिक्त किसी को भी यदि कोई आपत्ति हो तो वह संबंधित दस्तावेजों के साथ इस सूचना प्रकाशन के 7 दिन के अंदर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि आपत्ति पर विचार कर निराकरण किया जा सके। इस समयावधि के अंदर आपत्ति प्रस्तुत न होने पर मेरे पक्षकार, विक्रेता को शेष राशि अदा कर उक्त भूमि का पंजीयन करा लेवेगा, इसके पश्चात की गई कोई भी आपत्ति विधिक रूप से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सूचना जानें।

राजनांदगांव, दिनांक- 05.09.2025
भवदीय
**शरद खण्डेलवाल,** (अधिवक्ता)
12, एस.बी.आई. कॉलोनी, राजनांदगांव

# लायंस क्लब ऑफ नांदगांव द्वारा शिक्षकों का सम्मान, लायन डेन में हुआ आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। 5 सितंबर लायंस क्लब ऑफ नांदगांव द्वारा लायन डेन में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा में संलग्न शिक्षक शिक्षिकाएं बहुत कठिन परिश्रम करती हैं और कच्ची मिट्टी को तराशकर इसका एक रूप गढ़ती है। छोटे बच्चे भी अपनी लगन के साथ समाज में ऊंचाइयों को प्राप्त करते हैं। अतिथि राकेश इंदूभूषण ठाकुर ने सेवानिवृत शिक्षिका श्रीमती उषा किरण के परिचय को रखते हुए कहा कि 75 वर्ष की आयु में भी वे अत्यंत सक्रिय हैं। उन्होंने अमलेंदु हाजरा को बहुआयामी प्रतिभा का धनी बताते हुए उनके विधिक सेवाओं तथा विधि महाविद्यालय में पूर्व प्राध्यापक के रूप में उनकी ख्याति एवं कर्मठता की सराहना की। उन्होंने डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव के संयुक्त सचिव शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के रूप में किए गए कार्यो को भी रेखांकित किया। इस दौरान 75 वर्षीय श्रीमती उषा किरण झा, डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव, अमलेन्दु हाजरा, श्रीमती नेहा यादव, श्रीमती मंजूषा चोपड़ा को स्मृति चिन्ह व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। अंत में लायन अध्यक्ष प्रमोद बागड़ी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर लायन डॉ. आनंद वर्गीस, लायन योगेश गुप्ता, लायन संतोष सिंह, लायन दिलीप खंडेलवाल, लायन आकाश चोपड़ा, लायन दिलीप भंसाली सहित स्कूल की शिक्षिकाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंत में लायन दिलीप खंडेलवाल द्वारा राष्ट्रगान के साथ सभा समाप्ति की घोषणा की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राकेश इंदूभूषण ठाकुर, निखिल शैलेंद्र तिवारी, निखिल मंगवानी, राकेश शर्मा, शिवकुमार साहू, रमेश गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन प्रमोद बागड़ी द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक हमारे धरोहर हैं। इनके द्वारा दी गई शिक्षा को हमें संजोग कर रखना चाहिए। जो हमें विषम परिस्थितियों से हमें बचती है। डॉ. आनंद वर्गीस सदस्य उपभोक्ता आयोग के द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए शिक्षकों के इस आयोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए शिक्षकों का सम्मान ही हमारा गौरव है। हमें सदैव शिक्षकों का आदर करना चाहिए। इस दौरान श्रीमती मंजुषा चोपड़ा डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल, शिक्षक प्रेरणा यादव, श्रीमती पायल शर्मा, सुधा पंचभावे, आकांक्षा भावे, रेणु रामकेटे, सोमन यादव, कीर्ति जैसवाल, प्रांजल झा को सम्मानित किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्रं. 202508090100007
ब/121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी/आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कल्याणी इस्पात लिमि. द्वारा श्री संदीप कुमार मिश्रा, अवंति विहार रायपुर द्वारा ग्राम कोपेडीह तह. व जिला राजनांदगांव में स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 551 रकबा 4.055 हे. में से 1.618 हे. को अस्थाई वाहन पार्किंग प्रयोजन के लिए भूमि उपयोग की अनुमति बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त वर्णित भूमि के उपयोग की अनुमति में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो पेशी दिनांक 19/9/2025 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 02/09/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
जारी दिनांक :- 02/09/2025
पेशी दिनांक :- 19/09/2025

**नायब तहसीलदार
राजनांदगांव (छ.ग.)**

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.
3-5-0
128-1 458-7
राजधानी
2-4-9
367-6 267-5

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# जीएसटी 2.0 : व्यापारियों और आम जनता के लिए ऐतिहासिक तोहफा-बिंदल



**आलोक बिंदल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री का जताया आभार**

राजनांदगांव (दावा)। जीएसटी काउंसिल की बैठक ने बुधवार को देश की कर प्रणाली को नई दिशा देते हुए ऐतिहासिक निर्णय लिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और वित्त मंत्री सीतारमण के मार्गदर्शन में किए गए इन सुधारों को जीएसटी 2.0 कहा जा रहा है। इस निर्णय से न केवल व्यापारियों बल्कि आम जनता को भी बड़ी राहत मिली है। बैठक में आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं पर टैक्स दरों को बड़े पैमाने पर घटाया गया। कई वस्तुएँ 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत की श्रेणी में लाई गईं। आम उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए अनेक सामान 28 प्रति. से घटाकर 18 प्रति. कर दिए गए। जबकि कुछ उपयोगी वस्तुएँ 12 प्रति. से सीधे 0 प्रति. (शून्य) श्रेणी में आ गईं। छोटे व्यापारियों की कर-अनुपालन प्रक्रिया को आसान बनाते हुए रिटर्न फाइलिंग के नियम भी सरल किए गए। इन निर्णयों का स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री एवं जीएसटी काउंसिल का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जीएसटी 2.0 से न केवल व्यापारी वर्ग बल्कि किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग, महिला उपभोक्ता और छोटे दुकानदार तक को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल ने भी फैसलों को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि मोदी सरकार ने एक बार फिर साबित किया है कि यह सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर चल रही है। उन्होंने विशेष रूप से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का उल्लेख किया और कहा कि उन्होंने वर्षों तक कर प्रणाली जैसे जटिल विषयों पर केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सेतु का कार्य किया है। उनका अनुभव और मार्गदर्शन व्यापारियों और शासन के बीच विश्वास कायम करने में अमूल्य रहा है।

श्री बिंदल ने कहा कि जीएसटी 2.0 से महंगाई पर अंकुश लगेगा। उद्योगों की उत्पादन लागत घटेगी और आम जनता की थाली तक इसका लाभ पहुँचेगा। यह कदम केवल वर्तमान के लिए ही नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी आर्थिक मजबूती का मार्ग प्रशस्त करेगा। आलोक बिंदल ने कहा कि जीएसटी सुधारों का यह नया अध्याय विकसित भारत 2047 की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

# आज शहर में धूमधाम से निकलेगी गणेश विसर्जन झांकियां, तीन दर्जन से अधिक झांकियों का बिखरेगा जलवा



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की शानदार व गौरवशाली गणेशोत्सव पर्व का अंतिम चरमोत्कर्ष आज अनंत चतुर्दशी को शहर में निकाली जाने वाली एक से बढ़ कर एक गणेश विसर्जन झांकी के रुप में देखने को मिलेगा। शहर में इस बार लगभग 40 विसर्जन झांकियां निकाली जा रही है जिसे देखने लाखों की भीड़ उमड़ेगी। आज देर शाम रंग- बिरंगी लाइट की चकाचौंध कर देने वाली रौशनी के बीच पौराणिक ऐतिहासिक व धार्मिक प्रसंगों को लेकर निर्मित की गई आकर्षक झांकियां शहर की सड़कों पर निकलेगी। बता दें कि शुक्रवार को श्री गणेश विसर्जन से पूर्व गणेशोत्सव समितियो में हवन- पूजन का सिलसिला जारी रहा। आज 6 सितंबर की शाम शहर में बाजे-गाजे के साथ एक से बढ़ कर एक मनोमुग्धकारी झांकिया निकलेगी। शनिवार के दिन सुबह से लेकर देर रात व दूसरे दिन की सुबह तक भगवान श्री गणेश प्रतिमा की विसर्जन का सिलसिला जारी रहेगा।

### पुलिस प्रशासन द्वारा की गई, व्यापक तैयारियां

शहर में गणेश विसर्जन झांकियां देखने उमड़ने वाली लाखों की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है। शहर में झांकियां निकालने के लिए रुट तैयार किये गये है। वहीं झांकी देखने उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर व्यवस्था बनाने के लिए लगभग 800 से ज्यादा जवान तैनात रहेंगे जिनकी चप्पे-चप्पे पर नजर बनी रहेगी। इसके अलावा ड्रोन से भी नजर रखी जाएगी । पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा व्यवस्था पर नजर रखने व जवानों को निर्देश देने शहर में चहल कदमी करते नजर आएंगे।बता दें कि 6 सितंबर की रात नगर के विभिन्न मार्गों में जगमग करती गणेश विसर्जन झांकियां चलित रुप में भ्रमण करेगी। इस बार गणेश विसर्जन झांकियां में 22 से लेकर 25 चलित मुर्गियों वाली झांकियां भव्य आर्च के साथ दो- दो, तीन-तीन जीपों में नजर आएंगी।

**शहर में व्यवस्था बनाने 800 से अधिक पुलिस जवानों की तैनाती, ड्रोन से भी बनी रहेगी नजर**

### राज आर्ट्स ने बनाई महाभारत की घटोत्कच वाली झांकी

शहर के फ्लाई ओवर के नीचे राज आर्ट्स द्वारा बनाई गई गोल बाजार के गणेशोत्सव विसर्जन झांकी में महाभारत के घटोत्कच वाला दृश्य नजर आएगा। दो जीपों में निकलने वाली झांकी में 15 चलित मुर्तियां मुविंग करती नजर आएंगी।इसी तरह नवरत्न मंडल द्वारा निकाली जा रही गणेश विसर्जन झांकी में दश मुंह वाले रावण द्वारा नवग्रहों को बंदी बनाकर रखने का दृश्य दिखाया गया है। 3 जीपों में निकलने वाली इस आकर्षक झांकी में बीच में राक्षसों से घिरे इंद्र नजर आएंगे। लगभग 25 मूर्तिया मूविंग करती दिखाई देंगी वहीं हाथी भी चिंघाड़ते व झूमते हुए दिखाई देगा। हमाल पारा के उमंग गणेशोत्सव में खाटू श्याम जी की पूजा-भक्ति वाली झांकी बनाई गई है। दो जीपों में सवार 21 मूर्तियां मूविंग करती नजर आएंगी। लखोली क्षेत्र के जनता कालोनी वाली झांकी में कुंभकर्ण वाला दृश्य दिखाया गया है। दो जीपों में सवार 18 मुर्तियां भव्य आर्च के साथ लोगों का ध्यान आकर्षित करेगी।

### बाल समाज की झांकी में आपरेशन सिंदूर

शहर की सबसे पुरानी गणेशोत्सव समिति बाल समाज द्वारा इस बार विसर्जन झांकी का थीम आपरेशन सिंदूर पर रखा गया है जो लोगों में देश भक्ति की जज्बा पैदा करेगी। तिरंगा मंडल की झांकी में छत्तीसगढ़ की आदिवासी परंपरा को प्रदर्शित करेगी। बस स्टैंड गणेशोत्सव समिति द्वारा हनुमान व कुंभकर्ण के बीच भीषण युद्ध को दिखाया जारहा है वहीं महावीर मंडल की झांकी में भगवान श्री राम की भ्रात पीड़ा वाला दृश्य दिखाया जा रहा है जिसमें लक्ष्मण के मूर्छित होने व हनुमान का संजीवनी बूटी लेने का दृश्य लोगों को आकर्षित करेगा।

### सुमति मंडल में गजेंद्र मोक्ष की झांकी करेंगी आकर्षित

शहर की पुरानी गणेशोत्सव समिति सुमति मंडल इस बार गजेंद्र मोक्ष वाली झांकी लेकर आ रहा है। इस झांकी में मगरमच्छ से बचने गजराज भगवान श्री हरि से जीवन दान की प्रार्थना करते हुए नजर आएगा। इसमें भी भव्य आर्च के बीच भगवान गणेश विराजमान रहेंगे और उसके सामने दर्जन भर से ज्यादा मूर्तियां मूविंग करती नजर आएंगी। इसी तरह विनायक मंडल द्वारा अपनी विसर्जन झांकी में महाभारत के सर्पयज्ञ वाले प्रसंग दिखाने जा रहा है। राजा जनमेजय का सर्प यज्ञ इसमें तक्षक नाग की सुरक्षा का द्वंद्व युद्ध दृष्टिगोचर होगा। कुछ झांकियां श्री कृष्ण लीला पर भी बनी हुई है।

### गणेश विसर्जन के दौरान लोगों के आवागमन हेतु ट्रैफिक एडवायजरी जारी

राजनांदगांव (दावा)। आज 6 सितंबर को शहर में धूमधाम के साथ श्री गणेश विसर्जन झांकियां निकलेगी। जिसे देखने लाखों की भीड़ उमड़ेगी। इस दौरान आम जनता को यातायात के संबंध में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे दृष्टिगत रखते हुए सुगम यातायात संचालन हेतु यातायात पुलिस द्वारा ट्रैफिक एडवायजरी जारी किया गया है। बताया गया है कि आज 6 सितंबर की शाम 4 बजे से कल सितंबर की सुबह 9 बजे तक के लिए लोगों की आवाजाही के लिए निम्नानुसार व्यवस्था बनाई गई है। इसमें बसंतपुर से आगे फरहद चौक, ट्रांसपोर्ट नगर, मोहारा बायपास, गठुला, सीआईटी बायपास से राजनांदगांव शहर की ओर आने वाली सभी हल्के एवं भारी चारपहिया वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसी तरह डोंगरगांव एवं बालोद की ओर से आने वाली सभी दुपहिया वाहनों की पार्किंग स्थल साईस कॉलेज, गुजराती स्कूल एवं बख्शी स्कूल रहेगा। तुमड़ीबोड़ एवं सुकुलदैहान की ओर से आने वाले दुपहिया वाहनों का पार्किंग स्थल प्यारेलाल स्कूल में रहेगा। खैरागढ़ एवं दुर्ग की ओर से आने वाले दुपहिया वाहनों का पार्किंग स्थल स्टेट स्कूल एवं फ्लाई अेव्हर के नीचे रहेगा। बताया गया है कि मानव मंदिर चौक में (महावीर चौक, गुरूद्वारा चौक एवं दुर्गा चौक) तीनों ओर से झांकिया प्रवेश कर आजाद चौक, भारत माता चौक, कामठी लाईन, सुरजन गली, रामाधीन मार्ग, तिरंगा चौक से गंज चौक से शहर के बाहर निकलेगी।

## तुलसीपुर बौद्ध विहार में बनेगा समाजिक भवन, महापौर ने किया भूमिपूजन



राजनांदगांव (दावा)। वार्ड नं. 16 तुलसीपुर बौद्ध विहार में समाजिक भवन निर्माण के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने निगम अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा तथा सामाजिक बंधुओं व पार्षदो की उपस्थिति में आज भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बौद्ध समाज की मांग पर अधोसंरचना मद अंतर्गत 10 लाख रूपये की लागत से समाजिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के बताए मार्गो पर चल कर बौद्ध समाज भी बहुत आगे बढ़ गया है। समाज के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ लोग समाज के निम्न वर्ग के व्यक्ति की चिंता कर उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य करे, तभी समाज की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पाण्डे ने विभिन्न समाज के भवन निर्माण के लिए सममय समय पर राशि स्वीकृत किए है, उनकी सोच कि शहर में मूलभूत सुवधि के अलावा समाज के आवश्यकतओ की पूर्ति करना है।

अध्यक्ष पारस वर्मा ने समाजिक भवन के लिए समाज को बधाई देते हुए कहा कि भवन का निर्माण बहुत जल्द किया जाएग, जिससे समाज को इसका लाभ मिल सके। महापौर श्री यादव ने निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री सावन वर्मा, सुनील साहू, डिलेश्वर साहू, पार्षद कमलेश बंधे व मनोहर यादव, पूर्व पार्षद विजय राय के अलावा समाज के अध्यक्ष महेन्द्र नागदेवे, उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पलता गणवीर, प्रकाश मेश्राम, सचिव रवि गणवीर, कोषाध्यक्ष सुदेश रामटेके, उप सचिव सुरेन्द्र रामटेके, महिला अध्यक्ष श्रीमती माया देवी निकोसे की उपस्थिति में भवन निर्माण के लिए विधिवत भूमिपूजन किया।

## वरिष्ठ पत्रकार दीपंकर खोब्रागढ़े की दिवंगत माता को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे सांसद संतोष पाडे व अभिषेक सिंह





**राजनांदगांव (दावा)। वरिष्ठ पत्रकार दीपांकर खोबरागड़े की माता जी के दिवंगत होने पर सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह और पूर्व विधायक विनोद खांडेकर श्रद्धांजलि अर्पित करने व परिवार को संवेदना व्यक्त करने निवास पहुंचे।**

बता दें कि बौद्ध समाज की सबसे सक्रिय महिला मंडल की वरिष्ठ कार्यकर्ता अर्चना बाई खोब्रागढ़े का शुक्रवार 29 अगस्त को निधन हुआ। अर्चना बाई लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहीं और विशेष रूप से बौद्ध समाज के महिला मंडल को सशक्त बनाने में उनका अहम योगदान रहा। दिवंगत श्रीमती अर्चना बाई खोब्रागढ़े, कन्हैयालाल खोब्रागढ़े की धर्मपत्नी थी जो बौद्ध समाज के वरिष्ठ नेताओं के रूप में प्रदेश में पहचाने जाते हैं तथा देशबंधु के ब्यूरो चीफ एवं वरिष्ठ पत्रकार दीपांकर खोब्रागढ़े की माता थीं। सांसद संतोष पांडे ने परिजनों से सौहाद्र मुलाकात पर संवेदनाएं प्रकट कि और परिवार को इस घड़ी में संबल देने की प्रार्थना की उनके साथ पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, भाजपा नेता देवशरण सेन, राजेश यादव, विनोद श्रीरंगे आदि उपस्थित थे।

## संगीतमय राम कथा एवं रामलीला का शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। श्री नागेश्वर मंदिर धीमरपारा वार्ड नंबर 39 हीरामोती वार्ड में संगीतमय राम कथा एवं रामलीला का शुभारंभ वार्ड क्रमांक 39 के पार्षद रवि सिन्हा द्वारा नारियल फोड़कर एवं पूजा-अर्चना कर किया गया। यह आयोजन दिनांक 4 सितंबर से प्रारंभ होकर 15 सितंबर तक अनवरत रूप से चलेगा। इस अवसर पर पार्षद सिन्हा के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कांति सिन्हा भी उपस्थित रहीं। वार्ड के वरिष्ठ नागरिक शिवनारायण पटेल, दुर्गेश धीमर, सतीश कुमार यादव वार्ड के व्हाट्सएप प्रमुख सहित अन्य नागरिक, माताएं एवं बहनें भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस धार्मिक आयोजन के साक्षी बने।

अपने उद्बोधन में वार्ड पार्षद रवि सिन्हा ने कहा कि 'रामकथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह समाज को सत्य, धर्म, त्याग और मर्यादा का संदेश देने वाला उत्सव है। रामलीला से हमें जीवन में आदर्श और कर्तव्य का पालन करने की प्रेरणा मिलती है।' आयोजकों ने बताया कि इस संगीतमय रामकथा एवं रामलीला का भव्य समापन समारोह 15 सितंबर को होगा। जिसमें विशेष पूजा-अर्चना, भजन-संध्या एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## डोगेंद्र साहू का एमबीबीएस में चयन, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने दी शुभकामनाएं



राजनांदगांव। शिक्षा के क्षेत्र में एक और सफलता की कहानी लिखते हुए ग्राम डोम्हाटोला निवासी किसान पुत्र डोगेंद्र साहू ने एमबीबीएस में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। श्री चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने वाले डोगेंद्र ने 487 अंक प्राप्त किए हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनका परिवार, बल्कि समूचा क्षेत्र गौरवांवित हुआ है।

डोगेंद्र साहू, ग्राम डोम्हाटोला के कृषक रेखा लाल साहू एवं श्रीमती द्रौपती साहू के पुत्र हैं। प्रारंभ से ही पढ़ाई में रुचि रखने वाले डोगेंद्र ने कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से यह मुकाम हासिल किया है, उनकी इस सपफलता पर पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल विशेष रूप से उनके निवास पहुंचे और डोगेंद्र को शुभकामनाएं दीं। बघेल ने कहा कि एक किसान परिवार से आने वाले छात्र द्वारा मेडिकल क्षेत्र में प्रवेश प्राप्त करना संपूर्ण क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है। भुनेश्वर बघेल ने डोगेंद्र को मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस तरह की सफलताएं ग्रामीण अंचलों में शिक्षा के प्रति जागरूकता और मेहनत के महत्व को दर्शाती हैं। डोगेंद्र की सफलता से क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों और परिजनों ने इसे मेहनत और लगन का परिणाम बताया है।

## प्राचार्य कार्यालय का अभाविप ने किया घेराव, मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक अव्यवस्थाओं और छात्रों की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजनांदगांव इकाई ने मोर्चा खोल दिया। परिषद कार्यकर्ताओं ने छात्रों की समस्याओं को लेकर प्राचार्य कार्यालय का घेराव कर जमकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान परिषद की ओर से महाविद्यालय प्रबंधन को मांगपत्र भी सौंपा गया।

**मार्कशीट वितरण और पढ़ाई से जुड़ी समस्याओं को लेकर विद्यार्थी परिषद का विरोध प्रदर्शन**

एबीवीपी के जिला संयोजक जीत प्रजापति ने बताया कि महाविद्यालय में अध्ययनरत स्नातक के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को बीते दो वर्षो से ओरिजनल मार्कशीट प्रदान नहीं की गई है। इसके अलावा ऐसे छात्र जिन्होंने एटीकेटी के बाद रिटोटलिंग के लिए फॉर्म भरे थे, उनका परिणाम आज दिनांक तक नहीं आया है। कई छात्रों को यह तक नहीं पता कि वे पास हुए हैं या फेल। इस असमंजस की स्थिति से छात्र मानसिक तनाव में हैं और उनकी आगे की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

एबीवीपी के नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने कहा कि केमिस्ट्री ऑनर्स के छात्रों के लिए किसी भी कक्षा का स्पष्ट निर्धारण नहीं किया गया है। छात्रों को अलग-अलग कक्षाओं में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है, जिससे पढ़ाई बाधित हो रही है। कई बार तो ऐसा भी हुआ है कि एक कक्षा में बैठने के दौरान किसी अन्य विषय के शिक्षक छात्रों को कक्षा से बाहर निकाल देते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा है। छात्रों की इन समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए अभाविप ने प्राचार्य कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर मांगपत्र सौंपा। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि एक माह के भीतर सभी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो एबीवीपी एक बड़ा आंदोलन करेगी।

घेराव और मांगपत्र सौंपने की इस प्रक्रिया में अभाविप के प्रांत सहसंयोजक चंदन श्रीवास्तव, नगर सहमंत्री निकिता श्रीरंग, प्रतीक गढ़वाल, जीत शर्मा, युक्ता मांडवी, मोहित साहू, यश श्रीवास्तव, राकेश कुंभकार, यश साहू, विकास साहू साई सहित अन्य कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संस्कारधानी राजनांदगांव में गणेशोत्सव की भक्ति लहर, विसर्जन की रात भव्य भंडारे का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी में इन दिनों गणेशोत्सव की भक्ति और उत्साह में डूबी हुई है। सहदेव नगर (अंबेडकर चौक) स्थित श्री सेवा समिति द्वारा इस वर्ष अहमदनगर स्वरूप के विशाल गणपति की स्थापना की गई है, जिसे देखने सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। डिज़्नीलैंड थीम पर सजे पंडाल में रंग-बिरंगी लाइटिंग, झूले, बलून और बच्चों के मनोरंजन की विशेष व्यवस्था ने आयोजन को और आकर्षक बना दिया है।

समिति अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने जानकारी दी कि गणेश विसर्जन की रात भदौरिया चौक पर रात्रिकालीन भंडारे का आयोजन किया जाएगा। साथ ही पूरी रात डिजनीलैंड थीम पर बनी झांकी भी पूरी रात चालू रहेगी।।उसी दिन हवन-पूजन के बाद पूरी रात श्रद्धालु गणपति के दर्शन कर सकेंगे और भंडारे का प्रसाद प्राप्त करेंगे। समिति का कहना है कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक श्रद्धा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में एकता, भाईचारे और सौहार्द का संदेश फैलाना भी है।

गणेशोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह-शाम की आरती, भजन संध्या और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में शहर के कलाकार अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि अहमदनगर स्वरूप गणपति का यह अद्वितीय दर्शन पहली बार हुआ है, जो उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव रहेगा। समिति ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस भव्य आयोजन के साक्षी बनें।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे**

**विभिन्न स्टेशन पर स्वचालित टिकट विक्रय मशीन-सहायक (ATVM Facilitator) की नियुक्ति हेतु आवेदन**

**अधिसूचना क्रमांक, जी 27/138/ATVM-F/17, नागपुर, दिनांक: 01.09.2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के द्वारा 16 स्टेशन : **1. ब्रम्हपुरी, 2. बालाघाट, 3. छिंदवाड़ा, 4. डोंगरगढ़, 5. गोंदिया (नार्थ एंड साउथ), 6. ग्वारीघाट, 7. कटंगी, 8. नैनपुर, 9. नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी, 10. राजनांदगांव, 11. सालेकसा, 12. सौंसर, 13. सिवनी, 14. तिरोड़ी, 15. बड़सा, 16. वारासिवनी** पर "स्वचालित टिकट विक्रय मशीन- सहायक नियुक्ति हेतु दिनांक 22.09.2025 तक इच्छुक सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों तथा आम जनता से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। **सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी के लिए पात्रता /योग्यता: 1.** आवेदक किसी भी विभाग से सेवा निवृत्त रेल कर्मचारी होना चाहिए। 2. कर्मचारी सामान्य सेवानिवृत्ति या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के दौरान सेवानिवृत्त हुआ हो। आवेदन के साथ पीपीओ प्रमाणपत्र और सेवा प्रमाणपत्र की एक प्रति संलग्न करनी होगी। 3. ATVM-सहायक के रूप में कार्यरत सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों के अलावा, सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों के जीवनसाथी और वयस्क बच्चों को भी ATVM-सहायक के रूप में कार्य करने की अनुमति दी जा सकती है (कुल अनुमति केवल एक व्यक्ति के लिए)। 4. सेवा से बर्खास्त/हटाए गए रेल कर्मचारी, ATVM-सहायक के पद के लिए पात्र नहीं हैं। **आम जनता के लिए पात्रता/योग्यता: 1.** आवेदक उस जिले का निवासी होना चाहिए जहाँ पर वह स्टेशन है जिसके लिए वह आवेदन कर रहा है। 2. आवेदक 18 वर्ष से कम आयु का नहीं होना चाहिए। 3. आवेदक कम से कम दसवी कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। 4. चयनित आवेदक को एटीवीएम ATVM-सहायक के रूप में नियुक्ति से पहले, आवेदक को अपने/अपनी स्थानीयता के पुलिस स्टेशन से एक प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि ATVM-सहायक के खिलाफ कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है। 5. आवेदक को रेलवे को 25,000/- रुपये की वापसी योग्य सुरक्षा जमा राशि देने के लिए तैयार रहना चाहिए। अनुबंध के पूरा होने/समाप्ति पर, लंबित देय राशि को सुरक्षा जमा से समायोजित किया जाएगा और शेष राशि एटीवीएम ATVM-सहायक को वापस कर दी जाएगी। 6. एटीवीएम की लागत, उसके लीज लाइन का रखरखाव, उन्नयन, आदि, रेलवे द्वारा वहन किया जाएगा। बिजली और स्थान की लागत भी रेलवे द्वारा वहन की जाएगी। हालांकि, यदि यह साबित हो जाता है कि एटीवीएम को ATVM-सहायक की ओर से किसी चूक के कारण क्षति हुई है, तो मरम्मत की लागत ATVM-सहायक से वसूल की जाएगी। 7. यदि एटीवीएम ATVM-सहायक, एटीवीएम ATVM-सहायक के रूप में नियुक्त होने के बाद, एटीवीएम संचालित करने में असमर्थता व्यक्त करता है, तो एटीवीएम ATVM-सहायक द्वारा जमा की गई सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी। **स्वचालित टिकट विक्रय मशीन- सहायक (ATVM Facilitator) की चयन प्रक्रिया:-** 1. आवेदक से एक स्टेशन के लिए एक ही आवेदन स्वीकृत किया जायेगा। 2. एक आवेदक से एक स्टेशन के लिए केवल एक मशीन का आवेदन स्वीकृत किया जायेगा। 3. एक स्टेशन हेतु एक से अधिक पात्र आवेदक होने पर स्वचालित टिकट विक्रय मशीनसहायक का चयन लॉटरी प्रक्रिया के आधार पर किया जायेगा। **आवेदन प्राप्त तथा प्रस्तुत करने की समय सारणी:-** शर्तें एवं निबंधन युक्त आवेदन प्रपत्र, मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), द.पू.म.रेलवे, नागपुर के कार्यालय से **दिनांक 08.09.2025 से 22.09.2025** तक सुबह 10.30 बजे से दोपहर 15.00 बजे के मध्य किसी भी कार्यालयीन दिन में प्राप्त किया जा सकता है। भरे हुये आवेदन पत्र संलग्नको सहित मुहरबंद लिफाफे में (जिस पर, स्टेशन जिस हेतु आवेदन किया गया है उसका नाम, आवेदक का नाम, पता व दूरभाष नंबर लिखा हो), मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), द.पू.म.रेलवे, नागपुर के कार्यालय में मुहर बंद डिब्बे में डाले जाएं। **आवेदन जमा करने की तिथि और समय:** 15.00 बजे तक दिनांक 22.09.2025 को। **आवेदन बॉक्स खोलना:** 15.30 बजे दिनांक 22.09.2025 को। **नोट** - स्वचालित टिकट विक्रय मशीन-सहायक के कार्य शिफ्ट के समय का निर्धारण, स्टेशन की आवश्यकतानुसार रेल प्रशासन द्वारा किया जायेगा। स्वचालित टिकट विक्रय मशीन-सहायक के चयन में सेवानिवृत्त कर्मचारी को प्राथमिकता दी जाएगी। कोई भी कारण प्रस्तुत किये बगैर कोई भी या सभी आवेदन अस्वीकृत करने का अधिकार रेल प्रशासन के पास सुरक्षित है।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
AAA/24/116 **दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे/नागपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## वार्ड नं. 39 में 25 लाख रूपये की लागत से विकास कार्य कराने महापौर ने किया भूमिपूजन



राजनांदगांव (दावा)। वार्ड विकास की कडी में वार्ड नं. 39 में अधोसंरचना मद पर्यावरण उपकर निधि अंतर्गत 5 लाख रूपये की लागत से होमियोपैथीक औषधालय के पास शेड निर्माण एवं वाटर कुलर लगाने तथा 10 लाख रूपये की लागत से सागर पारा में सामुदायिक भवन निर्माण के अलावा अधोसंरचना मद अंतर्गत 10 लाख रूपये की लागत से हीरामोती लाईन मस्जिद रोड में सीमेंट कांक्रिटिंग करने व दुर्गा मंदिर से पठानपारा तक आर.सी.सी. नाली निर्माण के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सुनील साहू, डिलेश्वर साहू, वार्ड पार्षद रवि सिन्हा, पार्षद सर्वश्री शिव वर्मा, हेमंत शेखर यादव, श्रीमती अमृता मोहन सिन्हा, पूर्व पार्षद विजय राय, अजय श्रीवास्तव, श्रीमती करूणा राजपूत, पार्षद प्रतिनिधि राजेश यादव की उपस्थिति में श्रीफल फोडकर गैती चलाकर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण भी किया गया। भूमिपूजन के पूर्व वार्ड के डॉ. प्रीति बोरकर, महेन्द्र सिंह, रितेश देवांगन, रमेश सोनवानी, दीपक सिन्हा, संदीप निर्मलकर, गीतेश गुप्ता, संगीता शर्मा, मनोज ढीमर, अमितेश झा ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

भूमिपूजन अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद संतोष पाण्डे की अनुशंसा तथा शासन स्वीकृति अनुसार वार्डो में विकास कार्य कराए जा रहे है। इसी कडी में आज वार्ड नं. 39 में भवन, शेड एवं रोड व नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ होगा, ताकि वार्डवासियो को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार के विकास कार्य वार्डो में प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे है। इस अवसर पर उप अभियंता सुश्री आयुषी सिंह सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय पेंशनरों का राज्य स्तरीय सम्मेलन संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य के नगर पालिक निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के 5,000 पेंशनरों का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र पंजीकृत संस्था छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय पेंशनर्स संघ का राज्य स्तरीय सम्मेलन गत 31 अगस्त को नगर निगम भवन, बलरामदास टॉउन हॉल में आयोजित किया गया। सम्मेलन में 15 निकायों के 80 प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। सम्मेलन में भाग लेने आये प्रतिनिधियों के पंजीयन उपरांत 12 बजे दिन से निर्धारित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर मधुसूदन यादव के अन्य कार्यक्रमों में व्यस्त रहने के कारण प्रांताध्यक्ष डॉ. डीसी जैन एवं अन्य सदस्यों द्वारा शिव जी के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

अपने उद्बोधन में प्रांताध्यक्ष डॉ. जैन द्वारा उपस्थित प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। डॉ. जैन ने अपने उद्बोधन में पूर्व मध्य प्रदेश के शासन काल में पेंशन योजना लागू करके बाबत् किये गये आन्दोलन का विवरण देते हुए तत्कालीन नगरीय प्रशासन मंत्री राजा राम सिंह द्वारा पेंशन योजना लागू करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सम्मेलन में नगर निगम राजनांदगाँव, दुर्ग, धमतरी, महासमुंद, कोण्डागांव के प्रतिनिधियों ने अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किये। सम्मेलन के समक्ष प्रस्तुत विषय सूची के अनुसार संघ के वर्ष 2024-25 के आय-व्यय पत्रक की सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। परिवार कल्याण योजना, अनुकंपा नियुक्ति, पहली तारीख को पेंशन देने तथा पेंशनरों को एल्डरमैन बनाने संबंधित प्रस्ताव के संबंध में मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री से भेंट करने का निर्णय लिया गया। विषय सूची के अनुसार अगले कार्यकाल के लिए प्रांतीय संघ की प्रबंधकारिणी एवं कार्यकारिणी के गठन का विषय विचारार्थ प्रस्तुत हुआ। वर्तमान प्रांताध्यक्ष डॉ. डीसी जैन को पुनः अध्यक्ष निर्वाचित करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। प्रबंधकारिणी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के सदस्यों का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया है। भोजनावकाश पश्चात् सम्मेलन के द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव के आगमन पर उनका मंच पर प्रांताध्यक्ष डॉ. डीसी जैन एवं सभी नगरीय निकाय के प्रतिनिधियों द्वारा पुष्प गुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया है। स्वागत भाषण में डॉ जैन ने मुख्य अतिथि श्री यादव को पेंशनरों के सम्मेलन में दूसरी बार भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया तथा पेंशनरों की अन्य माँगों को शासन से स्वीकृत कराने नगदीकरण का भुगतान, अनुकंपा नियुक्ति, पेंशनरों को एल्डरमैन बनाने तथा पेंशनर भवन का आबंटन शीघ्र करने बाबत् माँग किया गया है। महापौर श्री यादव ने प्रांताध्यक्ष डॉ. जैन द्वारा पेंशनरों के हित में किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और आसवासन दिया कि उनकी माँगों की पूर्ति करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। मुख्य अतिथि द्वारा 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले दो पेन्शनरों को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। प्रांताध्यक्ष डॉ डी सी जैन एवं अन्य पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। प्रांताध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि को अपना बहुमूल्य समय एवं सहयोग देने के लिए आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इसके पश्चात् मुंगेली, महासमुंद एवं राजनांदगाँव के दिवंगत पेंशनरों को मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के साथ सम्मेलन का समापन किया गया।

## अनमोल दावा

*हर सफल व्यक्ति के पीछे एक महान शिक्षक की मेहनत छीपी होती है।*

## सम्पादकीय

# ट्रम्प को जिनपिंग की ललकार: विक्टरी परेड में अमेरिका के दुश्मन एक मंच पर आए!

शंघाई कारपोरेशन आर्गेनाइजेशन याने एस.सी.ओ. की बैठक में दुनिया को यह बताने का प्रयास था कि चीन वैश्विक पटल पर नेतृत्व करने की क्षमता रखता है। अपनी इसी प्रबल इच्छा को शक्ति प्रदर्शन करके दर्शाया। अपने विक्टरी परेड में अमेरिका के सामने जबर्दस्त प्रदर्शन करके चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग सफल रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन नार्थ कोरिया के किम जांग उन सहित दुनिया के अन्य 20 देशों के राष्ट्रपति की उपस्थिति ने डोनाल्ड ट्रम्प को स्वाभाविक रूप से चौंका दिया होगा। दूसरे विश्व युद्ध में जीत की याद में आयोजित विक्टरी परेड में जिनपिंग ने कहा कि, हमें कोई पराजित नहीं कर सकता । उसने न्यूक्लियर हथियारों से लेकर तमाम विभिन्न प्रकार के शस्त्रों का प्रदर्शन किया था। जिसकी प्रतिक्रिया में डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि जिनपिंग, पुतिन और किम जांग उनके साथ मिलकर अमेरिका के विरूद्ध साजिश रच रहे हैं।


अब ट्रम्प को स्वयं के गिरेबान में झाकना चाहिए। वे टेरिफ को हथियार बनाकर पूरी दुनिया को ब्लेकमेल कर रहे हैं। उन्होंने मित्र द्रोह किया । शायद इसीलिए भारत को जापान, चीन व रूस से मिलकर इस कूटनीति पर चलना पड़ा। यूं भी अमेरिका पर किसी भी देश को भरोसा नहीं रहा। इसके बावजूद वे कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। अमेरिका की टेरिफ से वहां की जनता ही भीषण मंहगाई का सामना कर रही है। टेरिफ का मुद्दा ही है कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर नए समीकरण रच रहे हैं।

रूस और यूक्रेन के युद्ध का चीन की मुलाकात पर क्या असर होता है, इस पर भी दुनिया की नजर रहेगी। युद्ध को खत्म करने के डोनाल्ड ट्रम्प के अब तमाम प्रयास असफल हो जायेंगे। रूस ने युक्रेन पर अपनी बमबार्डिंग और तेज कर दी है। जेलेंस्कीन को भी पुतिन गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। जेलेन्सी तभी तक रूस का सामना करेंगे, जब तक उन्हें अन्य देशों से मदद मिलती रहेगी । ट्रम्प उधर रूस को भी धमकी दे रहे हैं कि आप अगर युद्ध नहीं रोकेंगे तो हम अधिक टेरिफ अगायेंगे । पुतिन को इससे कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। भविष्य में वैश्विक आर्थिक समस्या और अधिक जटिल होने वाली है। पुतिन दिसम्बर 25 में भारत आने वाले हैं। युक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की भी भारत आने वाले हैं। इन दोनों की ही मुलाकात हो गई तो एक दिलचस्प नया खेल देखने को मिल सकता है। भारत में ही वर्ष के अंत में क्वाड के प्रमुख नेताओं का भारत में जमावड़ा होनें वाला है। जिसमें डोनाल्ड ट्रम्प ने आने से इन्कार कर दिया है। अमेरिका का आर्थिक पक्ष भी शनैः शनैः कमजोर हो रहा है।

हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चीन जाकर एस.सी.ओ की बैठक में शामिल हुवे। जिनपिंग और पुतिन से अलग-अलग रूबरू चर्चा की । प्रधानमंत्री मोदी विक्टरी परेड में अनुपस्थित रहे। यह घटना भी मायने रखती है। मोदी को चीन जाकर अमेरिका को जो संदेश देना था, वह उन्होंने दे दिया है। डोनाल्ड ट्रम्प अभी भी अपने प्रतिकूल हालात को नहीं समझे तो भारत अभी भी बहुत कुछ करने का दमखम रखता है। अमेरिका विश्व का सर्पोपरि नेतृत्व करने का सपना देख रहा है किन्तु उसका यह सपना अधुरा ही रहने वाला है।

# प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना देगी युवा शक्ति के सपनों को नई उड़ान

### डॉ. मनसुख मांडविया (केन्द्रीय मंत्री)



भारत की विकास गाथा हमेशा से उसकी श्रम शक्ति द्वारा लिखी गई है। देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में करोड़ों श्रमिकों के समर्पण और क्षमता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, पिछले 11 वर्षों में भारत की आर्थिक प्रगति ने उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2014 में, भारत विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ते हुए आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत ने वैश्विक पटल पर अपने लिए एक उल्लेखनीय स्थान बनाया है और इसमें इसके मानव संसाधन की शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

इस सफलता की कहानी को बल देने वाला तथ्य यह है कि भारत के आर्थिक विकास के साथ-साथ रोजगार का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। आरबीआई-केएलईएमएस के अनुसार, जहां 2004-2014 के बीच केवल 2.9 करोड़ रोजगार सृजित हुए थे, उसके बाद के दशक में 17 करोड़ से अधिक रोजगार सृजित हुए। औपचारिकीकरण में भी तेजी आई है, ईपीएफओ के आंकड़ों के अनुसार पिछले सात वर्षों में लगभग आठ करोड़ नौकरियां सृजित हुई हैं।

भारत में सामाजिक सुरक्षा कवरेज में बढ़तोरी होना भी हमारी एक बड़ी उपलब्धि है। 2015 में, केवल 19 प्रतिशत भारतीय कम से कम एक सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत आते थे। 2025 तक, यह संख्या बढ़कर 64.3 प्रतिशत हो चुकी है और 94 करोड़ लाभार्थी इसके दायरे में आए हैं, जिससे भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा सामाजिक सुरक्षा कवरेज देने वाला देश बन गया है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने इस उपलब्धि को वैश्विक स्तर पर कवरेज के सबसे तेज विस्तार में से एक माना है। यह स्पष्ट है कि राष्ट्र का भविष्य न केवल जीडीपी वृद्धि की गति से, बल्कि हमारे द्वारा सृजित नौकरियों की गुणवत्ता, श्रमिकों को दी जाने वाली सुरक्षा और अपने युवाओं को प्रदान किए जाने वाले अवसरों से भी तय होगा। बढ़ते स्वचालन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से कारण बनी अनिश्चितता की स्थिति, आपूर्ति-श्रृंखला में बदलाव और दुनिया भर में नौकरियों को आकार देने वाली कई अन्य कमजोरियों की वैश्विक पृष्ठभूमि में, भारत एक जनसांख्यिकीय परिवर्तन के बिंदु पर खड़ा है।

हमारी 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है, जो एक महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय लाभांश है जो हमारी अर्थव्यवस्था को गति दे देता है, जबकि पश्चिमी देशों में आबादी वृद्ध होती हो रही है। वर्षों से, भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश यानी इसकी युवा शक्ति को इसकी सबसे बड़ी ताकत माना जाता रहा है। फिर भी, पिछली सरकारों के अधीन, इस क्षमता का पूरा उपयोग नहीं किया गया। अमृत काल में, जब हम 2047 तक एक विकसित भारत के विजन की दिशा में प्रयास कर रहे हैं, हमारे सामने कार्य स्पष्ट हैः हमें संभावना से समृद्धि की ओर बढ़ना होगा। इस पृष्ठभूमि में, रोजगार अब केवल एक आर्थिक संकेतक नहीं रह गया है; यह सम्मान, समानता और राष्ट्रीय शक्ति का आधार है। इसके लिए आवश्यक है कि हम अपने युवाओं को रोजगार योग्य बनाएं, उन्हें औपचारिक अर्थव्यवस्था में एकीकृत करें, उन्हें वित्तीय साक्षरता से लैस करें और यह सुनिश्चित करें कि वे एक मजबूत सामाजिक सुरक्षा प्रणाली द्वारा सुरक्षित हों। तभी हमारा जनसांख्यिकीय लाभ वास्तव में एक स्थायी राष्ट्रीय लाभांश में परिवर्तित हो सकता है।

इसी चुनौती का समाधान करने और आकांक्षा व अवसर के बीच के अंतर को पाटने के लिए, 15 अगस्त को लाल क़िले की प्राचीर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू करने की घोषणा की है। शुरुआत में केंद्रीय बजट 2024-25 में प्रस्तुत और प्रधानमंत्री जी के अपने 12वें स्वतंत्रता दिवस संबोधन में घोषित यह योजना पैमाने और डिजाइन, दोनों ही दृष्टि से एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है। 1 लाख करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ, यह भारत के इतिहास का सबसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है, जिससे 3.5 करोड़ से ज़्यादा रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। इनमें से दो करोड़ लाभार्थी पहली बार नौकरी पाने वाले होंगे।

### योजना के दो स्तंभः पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन और नियोक्ताओं को सहायता

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना को इसकी संरचना ही अलग बनाती है। रोजगार सृजन को बढ़ावा देने वाले पहले के कार्यक्रमों के विपरीत, यह योजना युवाओं की रोजगार क्षमता और उद्यम प्रतिस्पर्धात्मकता की दोहरी चुनौती का एक साथ समाधान करती है। भाग 'ए' के तहत पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों (दो किश्तों में 15,000 रुपए तक) और भाग 'बी' के तहत नियोक्ताओं (प्रत्येक नए कर्मचारी के लिए प्रति माह 3,000 रुपए तक) को प्रत्यक्ष वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करके, यह श्रमिकों के लिए प्रवेश बाधाओं को कम करता है और साथ ही व्यवसायों के लिए नियुक्ति जोखिम को भी कम करता है। इस योजना का औपचारिकीकरण और सामाजिक सुरक्षा एकीकरण की दिशा में प्रोत्साहन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसके लाभ प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से प्रदान किए जाएंगे, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और नए कर्मचारियों को पहले दिन से ही सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों से जोड़ा जा सकेगा। इस प्रकार, प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना, एक औपचारिक, सुरक्षित और उत्पादक श्रम बाजार की ओर एक संरचनात्मक कदम है। इसके अलावा, विनिर्माण क्षेत्र में नियोक्ताओं को प्रोत्साहन पर अतिरिक्त ध्यान, भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और प्रयास है।

### समावेशी और सतत विकास को गति देना

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना, योजना-आधारित पहलों से हटकर एक व्यापक रोजगार प्रणाली की ओर बदलाव का संकेत देती है। यह पूर्व की पहलों से मिली सीख पर आधारित है, उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई), राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन और मेक इन इंडिया जैसी वर्तमान योजनाओं का पूरक है और प्रतिस्पर्धी वैश्विक व्यवस्था में काम की बदलती प्रकृति को पहचानती है।

श्रमिकों और नियोक्ताओं, दोनों को प्रोत्साहन देकर, प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना यह मान्यता देती है कि रोजगार सृजन एक साझा जिम्मेदारी है। भारत डिजिटल नवाचार को अपनाते हुए एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने का प्रयास कर रहा है, इसलिए यह योजना सुनिश्चित करती है कि कोई भी पीछे न छूटे - यहां तक कि सबसे छोटा उद्यम और कार्यबल में शामिल होने वाला सबसे नया व्यक्ति भी राष्ट्रीय विकास की यात्रा में भागीदार बने।

### प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजनाः नए भारत की नींव

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना एक नीतिगत घोषणा से कहीं अधिक बढ़कर है। यह जनसांख्यिकीय लाभांश को सार्वजनिक समृद्धि में बदलने की दिशा में एक ठोस कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, यह पहल विकसित भारत के विजन को साकार करने की नींव का हिस्सा है, जहां हर युवा को सार्थक रोजगार मिले, हर काम में सम्मान हो और हर युवा को अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिले। रोजगार निर्माण सही मायने में राष्ट्र निर्माण है। इस पहल के साथ, मोदी सरकार अपनी इस प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है कि कोई भी आकांक्षा अधूरी नहीं रहेगी और कोई भी युवा अवसर से वंचित नहीं रहेगा। हम सब मिलकर भारत की युवा शक्ति को नई उड़ान दे रहे हैं और उनके माध्यम से, विकसित भारत के सपने को भी नई गति प्रदान कर रहे हैं।

## विचार सरिता

# जीवन सूत्रः संदर्भ नयेः आसक्ति है कि छूटती नहीं और हम बंधनों में जकड़े रह जाते हैं

### डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



भारतीय अध्यात्म और दार्शनिक परंपरा में मोक्ष तो साधना से प्राप्त होने वाली उपलब्धि है। उस परमानंद को प्राप्त करना, उस अवस्था को प्राप्त करना जिसके बाद और कुछ पाना शेष नहीं रहता और व्यक्ति जन्म तथा मृत्यु के चक्र से भी मुक्त हो जाता है, कोई सहज बात नहीं हो सकती है। बिरले व्यक्ति ही इस लक्ष्य को प्राप्त कर पाते हैं। साथ ही मोक्ष प्राप्ति के लिए ज्ञान, भक्ति, योग और कर्म जैसे अनेक मार्ग हैं। इन मार्गों में भी अनेक उपमार्ग हैं। इसके माध्यम से मनुष्य अपनी आत्म उन्नति कर सकता है और आत्म साक्षात्कार के माध्यम से ऊपर उठते हुए उस ईश्वर से साक्षात्कार कर पाता है।

आसक्ति ही बंधन का कारण है और प्रारब्ध तथा क्रियमाण कर्मों के फल के साथ-साथ उसका दृष्टिकोण भी आगे जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्ति में अपनी निर्णायक भूमिका निभाता है। वास्तव में जीवन में उपलब्धियों को प्राप्त करते हुए भी हमारी आसक्ति छूटती नहीं है एक चीज हासिल हुई नहीं कि दूसरी और फिर एक और अन्य चीज की ओर हम ध्यान केंद्रित कर लेते हैं और कई बार तो एक ही समय में अनेक चीजों को प्राप्त करने का मोह पाल बैठते हैं।

वास्तव में कर्म के फल की आसक्ति ही हमें जन्म मृत्यु के चक्र से बांध लेती है। मनुष्य को जीवन के उत्तरार्ध चरण में धीरे-धीरे सांसारिक मोह माया से निवृत्त होकर ईश्वर के प्रति अपना ध्यान केंद्रित करना प्रारंभ करना चाहिए। ऐसा नहीं कर पाने पर हम अपने जीवन के अवसान तक इस मोह माया में जकड़े रह सकते हैं और फिर अपने जीवन के मूल उद्देश्य को भूलकर फिर इसी संसार चक्र की ओर आ सकते हैं।

### स्रोत श्लोकः-

गीता में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन से कहा हैः-

कर्मजं बुद्धियुक्ता हि फलं
त्यक्त्वा मनीषिणः।
जन्मबन्धविनिर्मुक्ताः पदं
गच्छन्त्यनामयम॥2/51॥

इसका अर्थ है, समबुद्धि वाले व्यक्ति कर्म के फलों की आसक्ति से स्वयं को मुक्त कर लेते हैं।यही आसक्ति मनुष्य को जन्म-मृत्यु के चक्र से बांध लेती है। इस भाव से कर्म करते हुए वे उस अवस्था को प्राप्त कर लेते हैं, जो सभी दुखों से परे होती है।

# हमारा अद्भुत जीवन अद्भुत है



खैरागढ़ (दावा)। हमारा जीवन बहुत ही अद्भुत है, कभी भी कुछ हो जाता है, कभी हमारे जीवन में दुःख होता है, तो कभी सुख होता है। इसी तरह के हमारे जीवन में ऐसी बहुत सी चीजें हैं। इस दुनिया में हमारा जीवन ही एकमात्र नहीं है, कई जीव हमारी तरह जीवन जी रहे हैं। उनमें से एक हम इंसान हैं,चलो बहुत पुराने समय में चलते हैं,जब हमारे पास कुछ भी नहीं था। सबसे पहले हमारी पृथ्वी बनी, पहले पृथ्वी गर्म थी, फिर ठंडी हुई, फिर उस में पानी आया, फिर पानी से हमारा जीवन निकला, हमारे पास कुछ भी नहीं था।

हम बिना कपड़ों के घूमते थे, धीरे-धीरे हमने शिकार करना सिखा, उसके बाद आग जलाना सिखा, मांस को भूनकर खाना सिखा, उसके बाद इंसान ने कपड़े बनाना और पहनना सिखा, जब उसने खाने के बाद फल फेंक दिए तब हमने बीजों से पेड़ उगते देखे, फिर हमने खेती करना सिखा, खेती करने के लिए हमें जानवरों की मदद लेनी पड़ी, फिर हमें रहने के लिए घर बनाना सिखा, घर बनाने के बाद जानवरों का डर था। इसलिए हमें रोशनी करने के लिए लकड़ी जलानी पड़ी और पत्थर के औजार बनाने पड़े, फिर हमने बातचीत करने के लिए पत्थरो से चित्र व लेखन करना सिखा।

इस तरह से हमारी दुनिया का विकास हुआ, आज हमारे पास जो कुछ है, वो हमारे पूर्वजों की वजह से है, वो तो बहुत पहले की बात है। आज पूरी दुनिया बहुत आगे बढ़ चुकी है, पूरी दुनिया ने एक साथ विकास किया है, लेकिन हम अलग-अलग देशों के रूप में रह रहे हैं, हमने इतना विकास किया है, कि हम चांद और मंगल पर पहुंच गए हैं, हम अभी कलयुग मे है। जहां बुरे काम कर रहे है, ये है हमारा अद्भुत जीवन अद्भुत।

**इस लेखन को विनय कुमार वर्मा, पिता पंचूराम वर्मा कक्षा-चौथी शासकीय प्राथमिक विद्यालय कॉचरी, ब्लाक खैरागढ़ के छात्र ने लिखा है।**

## सामयिक कहानी

# दो गुना बिजली बिल आने पर......।

खबर पढ़कर बानी बोले - गजाधर!
जीएसटी में हुए सुधार को लेकर
पीएम मोदी जी दीवाली से पहले
खुशियों का डबल धमाका कर रहे हैं
और कह रहे हैं -
कांग्रेस ने आपका बजट बढ़ाया,
हमने कम किया।
और हम इसके आगे पढ़ते गजाधर!
कि मीटर रीडर ने
590/- का बिजली बिल देकर
हमें बेहद चौंका दिया।
इसके पहले हर माह
320-330 रु. के बिल आते थे
हम खुशी-खुशी पटाते थे।
पर इस बार हे राम!
बिजली वालों ने ये क्या किया
हमारा बजट गड़बड़ा दिया।
गजाधर! इस पर आपकी प्रतिक्रिया?''
गजाधर कुछ कहते, इसके पहले
गृहस्थ गिरधारी बोल उठे - ''बानी!
बिजली यूनिट दर
बढ़ाए जाने की खबर पर,
कांग्रेसियों ने मचाया तो था शोर,
पर कहां कुछ हुआ?
अब मन बहलाने के लिए,
ये सरकारी विज्ञापन पढ़ो -
सुशासन से समृद्धि की ओर।''



गिरीश बख्शी

## लघुकथा

# शिक्षक दिया बन जल उठा

शिक्षक दिया बन जल उठा , शिष्यों को सूरज बना रहा।
भय नहीं खुद के बुझ जाने का,
भाव मात्र इस सृष्टि को सजाने का।।
वह जानता है सूरज के समक्ष अस्तित्व नहीं इस दीपक का
फिर भी वह प्रयास कर रहा तुम्हें तुम्हारे उद्देश्य तक पहुंचाने का
मार्ग प्रशस्त कर रहा शिक्षक दिया बन जल उठा........
जब भी लड़खड़ाए तुम्हारे कदम तुम्हारा साहस वह बन रहा
चोट तुम्हें बाहर से देक भीतर से तुम्हें संभाल रहा
कच्ची मिट्टी से तुम थे तुम्हें आकार और गुण दे रहा
शिक्षक दिया बन जल उठा..... तुमने सपने ना देखे होंगे
अपने आने वाले कल के पर तुम्हारी आंखों में वह
तुम्हारा भविष्य निहार रहा तुम में छुपी अनगिनत कौशल
अपने कौशल से सीखा रहा
शिक्षक दिया बन जल उठा....
पिता- पुत्र, भाई -बहन, सखी-सहेली रिश्ते नाते हैं
अमूल्य पर क्या
शिक्षक और शिष्य के रिश्ते का है कोई मोल
मां की तरह इसमें स्नेह
पिता की तरह कठोरता
भाई की तरह साथ और सखी की तरह सहारा वह बन रहा
शिक्षक दिया बन जल उठा
शिष्य को सूरज बना रहा
एक दिन बस नहीं है खास उनका
हर पल है खास उनके साथ
जो तुम्हें प्रकाशमान कर रहा और
इस जग को प्रकाशित कर रहा
शिक्षक दिया बन जल उठा।



श्रीमती रेशमी साहू
राजनांदगांव (छ.ग.)

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आप बिजनेस में अच्छा लाभ कमायेंगें, भौतिक ङ्क सुख सुविधाओं की बढ़ोत्तरी होगी। इस राशि के छात्रों का दिन खुशनुमा रहेगा, किसी टेस्ट पेपर में आपको अच्छे अंक प्राप्त होंगें। आज आप सामने आयी समस्याओं को सुलझाने में कामयाब साबित होंगे। आज कानूनी मामलों में आपको जीत मिलेगी, जिससे आपको प्रसन्नता होगी ।

**वृष राशि** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप पार्टनरशिप में किसी काम की शुरुआत करेंगें, भविष्य में आपको बढ़िया लाभ होगा। आज आप अटके हुए कार्यों को पूरा करेंगें, जिससे आप अपने अन्य कार्यों को भी आगे बढ़ा पायें। आज आपके महत्वपूर्ण कामों में बदलाव भी होंगे। आज आप घर या ऑफिस का रेनोवेशन कराने का विचार कर सकते हैं ।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए ठीक ङ्क ठाक रहेगा। आज रोजगार की तलाश ख़त्म होगी, आपको किसी अच्छी कम्पनी से ऑफर मिलने की सम्भावना हैं। आज ऑफिस के कामों में दूसरों की राय लेने से बचें, बेहतर यही होगा की किसी अपने की काम में मदद लें... तो काम आसानी से सफल होंगे। आज पारिवारिक रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी, बच्चों के साथ टाइम स्पेंड करने का मौका मिलेगा।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आप कारोबार में पैसे के लेन ङ्क देन में जल्दबाजी न दिखाएं। आज आप अपने ध्यान को केन्द्रित कर काम को पूरा करने की कोशिश करें। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, बच्चे भी आपको खुश होने की वजह देंगें। इस राशि के स्टूडेंट्स किसी प्रतियोगी परीक्षा का फॉर्म भी भर सकते हैं या इन्टरव्यू में जा सकते हैं।

**सिंह** — आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज आप सामाजिक कार्यों में व्यस्त रहेंगें, किसी वरिष्ठ व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। आज आप जीवनसाथी के लिए उपहार खरीदेंगें साथ ही घर की साज-सजावट के लिए घरेलू उपकरणों से जुड़ी ख़रीददारी भी कर सकते हैं। इस राशि की महिलाएं आज किसी काम की शुरुआत कर सकती हैं, जिसमें परिवार का पूरा साथ मिलेगा।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज के दिन की शुरुआत आप किसी अच्छी आदत के साथ करेंगें, जिससे आपका स्वास्थ्य ठीक रहे। आज आपका मन रचनात्मक कार्यों में लगेगा, आप पेंटिंग भी कर सकते हैं। आज आपको मेहनत और अच्छे व्यवहार के कारण वो सब मिलेगा, जिसके आप हक़दार हैं। इस राशि के व्यक्तियों को आज पारिवारिक सुख और शांति का लाभ होगा।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी। आज आप अपने कार्यक्षेत्र में कामयाबी का परचम लहरायेंगे। आज आप खुद को मेंटली और फिजिकली फिट महसूस करेंगे। आज आपको घर की सफाई के दौरान कोई खोई हुई चीज वापस मिल सकती है।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज आप मेहनत और लगन से किसी काम को करने में सफल रहेंगें, जिससे पेरेंट्स भी गर्व महसूस करेंगें। आज किसी करीबी से आपको खुशखबरी मिलेगी, आपके घर का माहौल भी खुशनुमा बना रहेगा। आज ऑफिस में सरलता से कार्य को पूरा करने की कोशिश करें और कोई हड़बड़ी न मचाएं। आज आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा मजबूत रहेगा ।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए ठीक ङ्क ठाक रहेगा। आज आपको ट्रान्सफर से जुड़ी सूचना प्राप्त हो सकती है, जो आपके काम को आसान बनाएगी। अगर आप किसी नए व्यापार की शुरूआत करना चाह रहें है तो आज शुरूआत कर सकते है। इस राशि के व्यक्तियों को अपने जीवनसाथी से आज बहुत सारा प्यार मिलेगा। जीवनसाथी के साथ आप कहीं धार्मिक स्थलों पर जाने का मन बना सकते है।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए मिला ङ्क जुला रहने वाला है। आज आपका काफ़ी समय से रुका हुआ काम पूरा होने से आपको ख़ुशी मिलेगी। आज आप बिज़नेस में परिवर्तन को लेकर विचार ङ्क विमर्श कर सकते हैं साथ ही ऑफिस में आपकी क्रिएटिविटी पहले से अच्छी बनेगी। इस राशि के लवमेट के लिए बढ़िया दिन है, आप मूवी देखने का प्लान बना सकतें हैं।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको कार्यस्थल पर थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी, लेकिन किसी सहकर्मी से मदद भी मिल सकती है। साथ ही किसी विदेशी कम्पनी से जॉब का ऑफर आ सकता है। जिसे ज्वाइन करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज आपका मन रचनात्मक चीजों में अधिक लगेगा, आप बच्चों को ड्राइंग बनाना भी सिखा सकतें हैं।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका ध्यान नयी चीजों के प्रति आकर्षित होगा, आपके मन में कुछ बड़ा करने की प्रेरणा होगी। काफी लम्बे समय बाद आपको घर जाकर आज बच्चों से मिलने का मौका मिलेगा। इस राशि के स्टूडेंट के लिए आज का दिन शुभ रहने वाला है आज आपको शिक्षकों से प्रशंसा मिलेगी। किसी योजना को बनाने में जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

# घोर राजनीतिक वातावरण में कार्यक्रम के शासकीयकरण करने का प्रयास बीएमओ को पड़ा भारी

**0 विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के हाथों शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का हुआ शुभारंभ**

**0 पूर्व विधायक, पालिका उपाध्यक्ष, वार्ड पार्षद, मंडल अध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं का नाम अतिथि से गायब**

**0 आरोग्य मंदिर का शुभारंभ राजनीतिक महत्वाकांक्षा की भेंट चढ़ा- वार्ड पार्षद अमित छाबड़ा**

**0 जनसुविधा के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेगा - रामजी भारती**

डोंगरगढ़ (दावा)। घोर राजनीतिक वातावरण के बीच आरोग्य मंदिर के शुभारंभ कार्यक्रम का शासकीय करण करने का प्रयास नव पदस्थ बीएमओ को भारी पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। सत्ताधारी दल के सक्रिय व वरिष्ठ नेताओं को अतिथि बनाने से बचने के चक्कर में बीएमओ द्वारा शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के शुभारंभ कार्यक्रम को शुद्ध रूप से शासकीय करण कार्यक्रम बनाने की कोशिश की गई थी। किंतु भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में शुमार डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक व प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष राम जी भारती का नाम विशेष अतिथि के रूप में सामने आते ही कार्यक्रम शासकीय के स्थान पर राजनीतिक हो गया। विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल के हाथों शुभारंभ किए गए शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, निर्दलीय चुनाव जीतकर आए वार्ड पार्षद अमित छाबड़ा, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्नो आना सहित डोंगरगढ़ के अनेक वरिष्ठ नेताओं को अतिथि के रूप में स्थान नहीं दिया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल नहीं किए गए भाजपा नेताओं ने खुलकर आपत्ति तो दर्ज नहीं कराई किंतु नाराजगी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी। वही दूसरी ओर विगत 20 वर्षों से वार्ड के पार्षद के रूप में निर्वाचित होते आ रहे भाजपा से निष्कासित वरिष्ठ नेता अमित छाबड़ा ने हर स्तर पर आपत्ति दर्ज कराते हुए प्रोटोकॉल को लेकर सवाल उठाए और वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन पाकर कानून में दिए गए अधिकार के साथ मंचस्थ अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस प्रकार पूरा कार्यक्रम राजनीतिक महत्वाकांक्षा के भेंट चढ़ता हुआ दिखाई दिया।

स्वास्थ्य सुविधा को लेकर शहर वासियों की बहुप्रतीक्षित मांग के पूरा होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्थानीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा है कि सभी को राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करना पड़ेगा तभी आम जनों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो पाएगी।



श्रीमती बघेल ने जोर देकर कहा कि, स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### जनसुविधा के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेगा-राम जी भारती

भाजपा के वरिष्ठ नेता भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राम जी भारती ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि धर्म नगरी डोंगरगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उदारता के चलते आगे भी क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास जारी रहेगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे सहित अन्य वक्ताओं ने उपस्थित जनों को संबोधित किया। कार्यक्रम में विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुचिता श्रीवास्तव, जीवनदीप समिति के सदस्यों के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी हुआ कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मुख्य अतिथि बनाए गए सांसद संतोष पांडे सहित अनेक गणमान्य अनुपस्थित रहे

राज्य के रजत समारोह के पावन अवसर पर पुराने अस्पताल भवन में अरोग्य मंदिर में ओपीडी सुविधा का शुभारम्भ क्षेत्र के जन प्रतिनिधि, समाज सेवियों व सामाजिक कार्यकर्ताओ के करकमलो द्वारा किया जाना था। बीएमओ डॉ. सुचिता श्रीवास्तव द्वारा इस अवसर पर सभी प्रमुख जन प्रतिनिधियों, नागरिक गण, बंधु एवं भगिणी को सादर आमंत्रित किया गया हैं। किंतु मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे सहित अनेक अतिथियों ने कार्यक्रम से दूरी बना ली।

शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पाण्डेय, अध्यक्षता श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल विधायक डोंगरगढ़, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती, रमन डोगरे, अध्यक्ष न.पा. परि.डॉ. नेतराम नवरतन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वा.अधि. राजनांदगांव, जीवन दीप समिति के सदस्यगण हरजीत सिह अरोरा सुरेन्द्र सिंह बन्नो आना, महेन्द्र भाई पटेल ट्रस्टी व पूर्व अध्यक्ष मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति महेन्द्र अवग्रवाल, सतीष तिवारी (श्याम), श्रीमती प्रतिमा खरे, जनपद सदस्य, हरिश मोटघरे, पार्षद को शामिल किया गया था। शुभारंभ कार्यक्रम मे पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, जीवन दीप समिति के सदस्यगण महेन्द्र भाई पटेल, महेन्द्र अग्रवाल, हरीश मोटघरे, सतीश तिवारी (श्याम), वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील चीकू जैन, प्रदीप बाघ, सांसद प्रतिनिधि तरुण हत्थेल, पार्षद व सभापति रेखा राघोर्ते, डी केएस राव, पार्षद बबीता मलागार, शारदा यादव, शिवांगी साखरे, अनीश निर्मलकर, भूपेंद्र थे।मरकाम, के विनायक राव, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़, शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज सिंह चौहान, विश्वनाथ यादव, जितेंद्र सिंह भाटिया, अलका जयेश सहारे, वत्सला श्रीवास्तव, लक्ष्मी यादव, कैलाश सोनवानी, नागेंद्र परिहार, रिम्मी भाटिया, आकाश सिंह राजपूत, मधुसूदन अग्रवाल, रामकुमार डड़सेना, अजय शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग से डा. शोभी खान, डॉक्टर कलचुरी, अनिल श्रीवास्तव, नेत्र सहायक राजेश राउत कर, डीकेन जनबंधु, सरोज राजेकर, रमन नर्स, रणजीत राजपूत, निलेश चावड़ा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### शोकाकुल परिवार से मिले पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल



डोंगरगढ़/बेलगांव(दावा)। डोंगरगढ़-बेलगांव से लगे ठाकुरटोला(को) नदिया में आई बाढ़ के कारण ग्राम कोलंद्रद्य निवासी 35 वर्षीय मिथिलेश वर्मा का पुल पार करते समय नदिया में बह जाने के कारण निधन हो गया था। बिहार प्रदेश के अपने व्यस्त दौरा कार्यक्रम के बीच समय मिलते ही, पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल स्वर्गीय मिथिलेश वर्मा के घर पहुंच कर उनके तै ल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर परिजनों को सांत्वना दी।श्री बघेल के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजू लाल वर्मा, बेलगांव सेक्टर प्रभारी फत्तू लाल वर्मा दीपक वर्मा रघुनाथ वर्मा के अलावा अन्य कांग्रेस जन एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### घोटिया में शिक्षक दिवस पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को याद किया गया



डोंगरगढ़ (दावा)।भारत देश की प्रथम उपराष्टपति तथा पूर्व राष्ट्रपति शिक्षाविद डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जन्म जयंती डोगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस ने ग्राम घोटिया में उनके तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया।

शिक्षक दिवस अमर रहे सर्वपल्ली राधाकृष्णन अमर रहे के नारे लगे तथा डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस के नेताओं ने गणेश जी की भी पूजा अर्चना की क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। जिसमें उपस्थित थे डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, मंडल अध्यक्ष पंचराम चंदेल ,दिनेतू प्रकाश जांगड़े, सेक्टर प्रभारी श्यामसाय टांडेकर, जिला कांग्रेस संयुक्त महामंत्री नेतराम साहू, पुनाराम लहरे, जयकरण साहू, प्रकाश सोने, हिरेंद्र सिरमोर, गोविंद पडोटि, पिंटू मंडावी, थानेश्वर, मनीष सोरी, रुद्र प्रताप नेटी, डेविड सोरी एवन, लोमेश पड़ोती एवं अन्य शामिल थे ।

### लाल चक्रधर शाह महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब का गठन



अंबागढ़ चौकी (दावा)। शासकीय लाल चक्रधर शाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी में प्राचार्य डॉ. के.आर. मंडावी के मार्गदर्शन में रेड रिबन क्लब का गठन किया गया। इस अवसर पर रेड रिबन उन्मुखीकरण सह संवेदीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सहायक प्राध्यापक (अंग्रेज़ी) श्रीमती अंजली कुंजाम के स्वागत भाषण से हुई। तत्पश्चात विभागाध्यक्ष (अर्थशास्त्र) ओ.पी. राणा ने रेड रिबन क्लब की आवश्यकता और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। वनस्पति शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक पंकज कुमार ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से एचआईवी संक्रमण, एड्स बीमारी के कारण, उसके संचरण के तरीके, समाज में फैली भ्रांतियाँ तथा बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक चंद्रेश कुमार ने किया तथा आभार प्रदर्शन विभागाध्यक्ष (वनस्पति शास्त्र) डॉ.जे.पी. सूर्यवंशी ने किया। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं सहित अतिथि प्राध्यापक मनीष कुर्रे, लीमेन सिंह एवं अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 54549 पौधों का रोपण

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जिले में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत 407 ग्राम पंचायतों एवं विभिन्न शैक्षणिक, सामाजिक, औद्योगिक, एनजीओ एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से लगभग 54 हजार 549 पौधों का रोपण किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि हरियाली को समर्पित और मातृ-प्रेम की भावना से ओतप्रोत एक पेड़ मां के नाम अभियान में जिले की विभिन्न अग्रणी संस्थाओं ने भाग लिया।

## छुरिया में धूमधाम से मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार



छुरिया (दावा)। नगर पंचायत छुरिया में शुक्रवार को सुबह से ही मुस्लिम समाज के सैकड़ों लोगों ने हर साल की तरह इस साल भी पैगम्बर हजरत साहब का जन्मदिन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया। सभी मुस्लिम समाज के भाईयों ने रात को अपने घरों को लाईट और झंड़े से सजाया। शुक्रवार को सुबह 9 बजे से जामा मस्जिद से निकलकर युवा बच्चों ने आका की आमद के नारे लगाते हुये पूरे छुरिया नगर का भ्रमण किया और वापस जामा मस्जिद में आकर खतम हुई। रैली के नगर भ्रमण के दौरान जगह जगह पानी एवं सिरनी वितरण की व्यवस्था भी की गई थी। मस्जिद में इमाम सद्दाम हुसैन ने परचम कुसाई की रश्म अदा की। मुस्लिम समाज के द्वारा मस्जिद में सलातो सलाम का नजराना पेश किया और पेश इमाम ने देश की एकता और अखण्डता और भाईचारा के लिये दुआ मांगी। नगर भ्रमण करती हुई रैली में छुरिया पुलिस द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की गई और पूरे रैली भ्रमण के दौरान पुलिस साथ रही। मुस्लिम समाज ने पुलिस प्रशासन का शुक्रिया अदा किया।

जश्न ए ईद मिलाद उन नबी के पाक मौके पर मदरसा में छोटी बच्चियों के नात खानी के साथ मजहबी सवाल जवाब का प्रोग्राम भी रखा गया है जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रोग्राम में भाग लेने वाले बच्चों को ईनाम से नवाजा गया। हुजुर के आमद के खास मौके पर जामा मस्जिद को नौजवानों द्वारा बेहतरीन ढंग से सजाया गया। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा नगर में निकाले गये जुलूस में बौद्ध समाज ने शरबत पिलाया और सभी को बधाई दी जिसे हम कौमी एकता का एक अच्छा उदाहरण मान लेते हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस विधायक भोलाराम साहू एवं चुम्मन साहू ने मुस्लिम समाज की रैली में शामिल होकर उन्हें बधाई दी।

इस अवसर पर सदर जान मोहम्मद,नायब सदर शकील कुरैशी, सेक्रेटरी आरिफ मेमन, अलीम खान, तौकीर अहमद खान, अहमद खान, हाशम अली, वसीम कुरैशी, सिद्दीक कुरैशी, मुजीब खान, अनवर खान, दबीज अहमद खान, गौस खान, वसीम खान, कमाल मोहम्मद, इमरान कुरैशी, इकबाल खान, परवेज आलम, अकील मेमन, ताहिर खान, मुज्जम्मिल खान, फिरोज खान, एजाज कुरैशी, कशफ कुरैशी, साजिद खान के अलावा मुस्लिम समाज के सभी लोगों ने हिस्सा लिया।

## पांगरी में नशा मुक्ति रैली, युवाओं ने लिया नशा न करने का संकल्प



अंबागढ़ चौकी (दावा)। ग्राम पांगरी में नशा मुक्ति अभियान के तहत रविवार को रैली निकाली गई। रैली के दौरान युवाओं ने गांव में घूम-घूमकर लोगों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी और शराब व मादक पदार्थों से दूर रहने की अपील की। गांव के सैकड़ों युवाओं ने इस अवसर पर नशा न करने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ और सशक्त बनाने के लिए नशा मुक्त समाज की आवश्यकता है। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार लालचंद्र साहू, थाना अंबागढ़ चौकी से देव प्रसाद वर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रैली को सफल बनाने में संतोष बोरकर, संतोष साहू, रमेश्वर पटेल, लुकेश सिन्हा, पूरन साहू, दिनेश साहू, कोमल यदु, महेश यादव, चौउत राम सिन्हा, भूपेन्द्र यादव, तुलसी निषाद, पंचराम, सुचित्रा वैध, कविता यदु, लीलाबाई निषाद सहित ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा। इसके अलावा प्राथमिक शाला पांगरी के प्रधान पाठक विजय सिंह ठाकुर, सहायक शिक्षक सुभाष कोमा तथा माध्यमिक शाला से प्रधान पाठक श्रीमती शिखा रामटेके और शशिकांत चौधरी भी मौजूद रहे। गांव के गणमान्य नागरिकों ने युवाओं की इस पहल की सराहना करते हुए अभियान को समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

## गणेश विसर्जन : शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए डोंगरगढ़ पुलिस की गुंडों पर कार्रवाई



राजनांदगांव (दावा)। आगामी गणेश विसर्जन को देखते हुए, राजनांदगांव के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के निर्देश पर डोंगरगढ़ पुलिस ने असामाजिक तत्वों और गुंडा बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह अपनी टीम के साथ लगातार गश्त कर रहे हैं और अवैध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं।

इस अभियान के तहत पुलिस ने दो व्यक्तियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। संदीप साहू डोंगरगढ़ के बुधवारी पारा में रहने वाले 22 वर्षीय संदीप साहू पर शराब पीकर पड़ोसियों से गाली-गलौज करने का आरोप है। जब मोहल्ले वालों ने उसे रोकने की कोशिश की, तो वह और भी आक्रामक हो गया और झगड़े पर उतारू हो गया। इस घटना के बाद, उसके खिलाफ बीएनएसएस की धारा 170/126, 135(3) के तहत कार्रवाई की गई है। विशाल साहू उर्फ वासु : मुसराकला गांव के 19 वर्षीय विशाल साहू ने एक व्यक्ति, मिथिलेश साहू को गाली देकर धमकी दी, यह कहते हुए कि उसने उसके खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। आसपास के लोगों के समझाने पर विशाल और भी उग्र हो गया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया। पुलिस ने उसके खिलाफ भी बीएनएसएस की धारा 170/126, 135(3) के तहत मामला दर्ज किया है। डोंगरगढ़ पुलिस का कहना है कि यह अभियान क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाया जा रहा है ताकि गणेश विसर्जन का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि असामाजिक तत्वों और उपद्रवियों के खिलाफ आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

## सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से मिले कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी सौंपा तीन सूत्रीय मांग पत्र



अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकारी समिति कर्मचारी महासंघ के प्रदेश पदाधिकारियों ने सोमवार को राजनांदगांव में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन के दौरान सहकारिता मंत्री केदार कश्यप को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, राज्य सहकारी बैंक अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव अध्यक्ष सचिन बघेल भी मौजूद रहे। महासंघ के पदाधिकारियों ने अपनी लंबित तीन सूत्रीय मांगों को लेकर पुनः ध्यान आकर्षित कराया। संगठन ने बताया कि पिछले दो वर्षों से मांगों को लेकर ज्ञापन, रैली, विधानसभा घेराव और अनिश्चितकालीन हड़ताल की जा चुकी है, लेकिन शासन द्वारा अभी तक किसी भी मांग पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे प्रदेश के करीब 13 हजार समिति कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं हुआ तो आगामी वर्ष में धान खरीदी का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा।

**0 तीन सूत्रीय मांगें**

मध्यप्रदेश की तर्ज पर अनुदान-प्रदेश की सभी 2058 समितियों के कर्मचारियों को वेतन मद हेतु शासन प्रतिवर्ष 3 लाख रुपए प्रबंधकीय अनुदान प्रदान करे। सेवा नियम संशोधन-सेवा नियम 2018 में संशोधन कर पुनरीक्षित वेतनमान लागू किया जाए तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में सीधी भर्ती बंद कर समिति कर्मचारियों को पदोन्नति का अवसर दिया जाए। धान खरीदी में सुखत की भरपाई-शासन द्वारा परिवहन में देरी से होने वाले सुखत की भरपाई शासन स्तर पर की जाए एवं आगामी खरीदी वर्ष 2025-26 से इसका स्पष्ट प्रावधान किया जाए। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष आरिफ खान, प्रदेश महासचिव ईश्वर श्रीवास, संगठन मंत्री वेद प्रकाश वैष्णव, प्रवक्ता रोहित डड़सेना, जिला अध्यक्ष किशुन देवांगन, प्रदेश प्रचार मंत्री भाईलाल देवांगन सहित चार जिलों के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गरीबों को नि:शुल्क राशन कार्ड की सुविधा सुनिश्चित करें जनपद पंचायत - प्रीति वैष्णव जनपद सदस्य

**डोंगरगढ़ (दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में राशन कार्ड बनाने हेतु नियुक्त ऑपरेटरों द्वारा राशन कार्ड बनाने के नाम से दो से तीन हजार रुपए प्रति राशन कार्ड ऑनलाइन सेंटर के माध्यम से लिए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। यदि हितग्राही क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि के माध्यम से राशन कार्ड बनाता था तो उसे 3 से 5 हजार रुपए प्रति राशन कार्ड के नाम से देना पड़ रहा था।**

इस वर्ष राशन कार्ड बनाने वाले अनेक हितग्राहियों से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि हमने ऑनलाइन सेंटर के माध्यम से दो से तीन हजार रुपए के मध्य प्रति राशन कार्ड का भुगतान किया और हमारा राशन कार्ड केवल आधार कार्ड देने पर ही बन गया। इस पर न तो सरपंच का हस्ताक्षर है न ही सचिव का। इस तरह बनाए गए सभी राशन कार्ड का रिकॉर्ड ग्राम पंचायत व जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में उपलब्ध नहीं है। इस प्रकार का गोरख धंधा जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों एवं वरिष्ठ पदाधिकारी के संरक्षण में जनपद में बैठे ऑपरेटरो द्वारा लंबे समय से किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है।



ऑनलाइन सेंटर के माध्यम से जनपद के ऑपरेटर द्वारा किए जा रहे फर्जी वाडा की जानकारी लगते ही मेंढ़ा क्षेत्र की जनता सदस्य सुश्री प्रीति वैष्णव ने गत दिनों संपन्न सामान्य सभा की बैठक में राशन कार्ड बनाने को लेकर की जा रही अवैध वसूली का मुद्दा उठाया था। जिसे जनपद के पदाधिकारी और अन्य जनपद सदस्यों सहित जनपद के आला अधिकारियों ने नजरअंदाज कर दिया गया। किंतु जब मामले को संज्ञान में लिया गया तो एक के बाद एक अनेक चौंकाने वाले तथ्य सामने आने लगे। जनपद पंचायत सीईओ, राशन कार्ड प्रभारी माखन चंद्रवंशी, कमलेश देवांगन द्वारा हर पहलू पर जांच किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। जांच प्रारंभ होते ही जनपद के प्रभावशाली पदाधिकारी द्वारा मामले को दबाने का प्रयास किए जाने की जानकारी भी प्राप्त हुई है। पता चला है कि जनपद के अनेक वरिष्ठ व कनिष्ठ सदस्य मात्र राशन कार्ड बनाने का कार्य पूरी शिद्दत के साथ कर रहे थे। जनपद के प्रतिनिधि ऑनलाइन सेंटर में न जाकर सीधे अधिकारियों पर दबाव बनाकर नियम विरुद्ध राशन कार्ड बनाने की कोशिश करने की जानकारी भी प्राप्त हुई है।

### ऑनलाइन सेंटर के संचालक से जनप्रतिनिधि द्वारा की गई अवैध वसूली

फर्जी राशन कार्ड बनने पर ब्रेक लगते ही, जनपद के एक वरिष्ठ सदस्य ने ऑनलाइन सेंटर के संचालक को कार्रवाई नहीं होने का भरोसा दिलाते हुए उनसे हजारों रुपए वसूलने का मामला प्रकाश में आया है। ऑनलाइन सेंटर के संचालक से इतनी गलती हो गई की उसने 5000 के स्थान पर मात्र 2000 मैं हितग्राही का राशन कार्ड बना दिया था। और हितग्राही से ऑनलाइन पेमेंट लिया था। जिसके आधार पर उसे वरिष्ठ जनपद सदस्य द्वारा ब्लैकमेल कर मोटी रकम वसूल ली गई।जो पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मामला रामाटोला क्षेत्र के ग्रामीण हित ग्राही का बताया जा रहा है।

पूरे घटनाक्रम को संज्ञान लेकर अपनी प्रतिक्रिया में जनपद सदस्य प्रीति वैष्णव ने जनपद पंचायत सीईओ से मांग की है कि गरीबों को निशुल्क राशन कार्ड की सुविधा सुनिश्चित कराई जाए। सुश्री वैष्णव ने बताया कि,जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में राशन कार्ड में हो रहे फर्जीवाडा एवं अधिकारियों के नकली सिग्नेचर का उपयोग कर फर्जी राशन कार्ड बनाये जाने के मामले मे उसने सामान्यसभा में शिकायत दर्ज की थी। तथा जाँच की माँग की थी।

उनका कहना है कि शासन द्वारा गरीबों के लिए जो योजना लाई गई है उन्हें बिना किसी पैसे वसूली के लाभ मिलना चाहिए। गरीबों को निशुल्क राशन कार्ड मिलना उनका अधिकार है, ना की कमीशनखोरी का जरिया।

## चेंदरीबन नवागांव के दो शिक्षकों को उत्कृष्ट शिक्षक का सम्मान



हरदी (दावा)। शिक्षक दिवस के अवसर पर चैतन्य कुमार देवांगन सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला चेंदरीबन नवागांव एवं अश्वनी कुमार देवांगन शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव को जिला स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक का सम्मान प्राप्त हुआ। इस सम्मान के लिए कोमलचंद आर्य माध्यमिक प्रधान पाठक, चंद्रभूषण साहू प्राथमिक प्रधान पाठक, निमिषा भूआर्य प्राचार्य चेंदरीबन नवागांव, प्रकाश सिंह जोशी संकुल समन्वयक चेंदरीबन नवागांव, शिक्षक सन्नी देवांगन, गोमती पटेल, बसंत कुमार साहू, चैनसिंह साहू, मोनिका ठाकुर, टीकम निषाद, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, कविता ठाकुर, ईश्वर ठाकुर सरपंच, दीपक कुमार हिरवानी अध्यक्ष, श्रवण साहू अध्यक्ष, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण, ग्रामीणजन पंचायत प्रतिनिधिगण एवं संकुल के शिक्षकगण देवांगन द्वय के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किये।

# एक परिवार में बेटी शिक्षित होने से पूरे परिवार की तरक्की और पीढ़ी का निर्माण - विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुकुलदैहान में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ग्राम सुकुलदैहान में कुल 2 करोड़ 50 लाख 19 हजार रूपए की लागत से 3 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज ग्राम सुकुलदैहान में 1 करोड़ 78 लाख 23 हजार रूपए की लागत से स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने 10 लाख रूपए की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण तथा 61 लाख 96 हजार रूपए की लागत से नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का भूमिपूजन किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ग्राम सुकुलदैहान के विकास कार्यों के लिए 10 लाख रूपए की घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पोट्ठ लईका अभियान के अंतर्गत चिन्हांकित 8 नन्हे बच्चों को कुपोषण दूर करने के लिए सुपोषण किट का वितरण किया। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए 10वीं एवं 12वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली शासकीय स्कूलों की छात्राओं को प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत हितग्राहियों को आवास पूर्ण होने पर प्रतीकात्मक रूप से चाबी और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि जिले में पोट्ठ लईका पहल अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत कम वजन एवं कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए बच्चों को पौष्टिक आहार एवं स्वास्थ्य की जांच कर निगरानी में रखा जाता है। उन्होंने बताया कि बच्चे का कम वजन उसके विकास में अवरोध लाता है। उन्होंने बताया कि यहां के 8 बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाया गया है। अब इन बच्चों का सामान्य विकास होगा और अच्छे से विकसित होंगे। इस अभियान में गांव के वरिष्ठ नागरिकों को सहयोग करना चाहिए। जिससे बच्चों को अच्छा आहार मिले, उनका पोषण हो और सामान्य जीवन मिल सके। उन्होंने कहा कि सरस्वती सायकल वितरण योजना के अंतर्गत जिले के 6 हजार 531 छात्राओं को सायकल वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जब वे पहली बार मुख्यमंत्री बने थे उस समय छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन के लिए सायकल वितरण कार्यक्रम शुरू किया गया। छात्राओं को सायकल वितरण करने से प्रदेश में बालकों की अपेक्षा छात्राओं की दर्ज संख्या में वृद्धि हुई। उन्होंने बताया कि स्कूल दूर होने से छात्राएं पढ़ाई नहीं कर पाती थी। सरस्वती सायकल योजना शुरू करने से छात्राओं की समस्या का समाधान हुआ। इससे छात्राओं का ड्राप आउट समाप्त हुआ और शत प्रतिशत छात्राएं स्कूल जा रही है। उन्होंने कहा कि एक घर में बेटी शिक्षित होने से पूरे परिवार की तरक्की और पीढ़ी का निर्माण होता है।

# स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान : प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं पॉली पापर का उपयोग नहीं करने आयुक्त ने गणेश समितियों से की अपील

राजनांदगांव (दावा)। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत 27 अगस्त से 9 सितम्बर तक राज्यव्यापी स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान 2025 का आयोजन किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम द्वारा गणेश पण्डालों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई करना है। इस संबंध में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने गणेश समितियों से अपील की है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रसाद वितरण या अन्य कार्यक्रम में प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं पॉली पापर का उपयोग न करें।



आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान शासन द्वारा चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य गणेश पण्डालों के आसपास साफ सफाई रखना तथा प्रतिमा का विसर्जन निर्धारित स्थल पर करना है। उन्होंने कहा कि कई गणेश समितियों के द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक कटोरी, प्लेट में प्रसाद का वितरण किया जा रहा है, जिसे दर्शनार्थी द्वारा प्रसाद खा कर सड़क में फेक दिया जा रहा है, जिससे पण्डालों के निकट सड़क या आसपास के निवासियों के घर के पास कचरा फेका जाता है। इसी प्रकार प्रतिबंधित पॉली पापर (कचरा फटाका) गणेश स्थापना एवं विसर्जन के दौरान उपयोग किया जाता है जिससे अत्याधिक मात्रा में कचरा फेलता है और उसे साफ करने में कठिनाई होती है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि इस संबंध में सभी समितियों को सूचना पत्र प्रेषित किया जा रहा है कि, प्रसाद वितरण के दौरान भक्तों एवं श्रद्धालुओं को पण्डाल द्वारा उपलब्ध कुडादान/ड्रम/डस्टबीन में प्रसाद ग्रहण के पश्चात बचे हुए सामग्री को उक्त निर्धारित स्थान डस्टबीन पर डालने हेतु आग्रह किया जावे, जिससे कचरे का अंतिम निष्पादन नगर निगम द्वारा कराया जाए एवं स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने कहा कि उक्त वस्तुओं के उपयोग से पर्यावरण को नुकसान होने के साथ साथ शहर की स्वच्छता पर भी विपरित प्रभाव पड़ता है।

# पोहा-मुरमुरा पर जीएसटी और मंडी शुल्क में राहत की मांग

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की पहचान बने पारंपरिक उत्पाद पोहा और मुरमुरा को कर राहत दिलाने की मांग तेज हो गई है। संस्कारधानी राजनांदगांव के व्यापारियों एवं कृषकों का प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से मिला। इस दौरान प्रतिनिधियों ने जीएसटी और मंडी शुल्क में छूट देने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पोहा-मुरमुरा राज्य के किसानों की आजीविका से जुड़ा हुआ है। छत्तीसगढ़ के हर घर और हर थाली का यह हिस्सा है तथा अब यह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी विशेष पहचान बना चुका है। ऐसे में इस उद्योग को कर राहत देना समय की मांग है।



### वोकल फॉर लोकल से जुड़ा मुद्दा

प्रतिनिधियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान लगातार 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' का संदेश दे रहे हैं। पोहा और मुरमुरा जैसे स्वदेशी एवं घरेलू उत्पाद इस अभियान का अहम हिस्सा हैं। यदि इन पर जीएसटी और मंडी शुल्क से राहत दी जाती है तो न केवल स्थानीय किसानों को लाभ होगा बल्कि उपभोक्ताओं को भी उच्च गुणवत्ता का पोहा-मुरमुरा सस्ती दरों पर मिलेगा।

### किसानों और व्यापारियों के लिए लाभ

व्यापारियों ने तर्क दिया कि पोहा-मुरमुरा उत्पादन के लिए किसानों से बड़ी मात्रा में धान खरीदा जाता है। यदि इन उत्पादों पर कर छूट मिलती है तो किसानों को धान का बेहतर मूल्य प्राप्त होगा। साथ ही व्यापारियों के लिए कारोबार सुगम होगा और उद्योग का दायरा बढ़ेगा। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

### पूर्व में मिली थी छूट

प्रतिनिधियों ने याद दिलाया कि डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्री कार्यकाल में पोहा-मुरमुरा पर मंडी शुल्क से छूट दी गई थी। उस निर्णय के सकारात्मक परिणाम सामने आए और छत्तीसगढ़ के साथ्ङसाथ देश व विदेश में भी इन उत्पादों की मांग बढ़ी। अब समय आ गया है कि जीएसटी और मंडी शुल्क दोनों में छूट दी जाए, ताकि यह उद्योग और अधिक मजबूत बन सके।

### मौके पर उपस्थित प्रतिनिधि

कैट परिवार के प्रदेश संरक्षक अनिल बरड़िया, जिलाध्यक्ष राजू डागा, अशोक पांडे, सूरज बुद्धदेव, कोमल सिंह राजपूत, रमेश पटेल, राजा मखीजा, गुरमुख दास वाधवा, महेश खंडेलवाल, राजेश जैन, बसंत चितलांगिया ओंकार, भावेश अग्रवाल, अंकित जैन सहित अनेक व्यापारी, उद्योगपति और कृषक इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### आश्वासन की उम्मीद

प्रतिनिधियों ने विश्वास जताया कि डॉ. सिंह इस मुद्दे को शासन स्तर तक पहुंचाएंगे और प्रदेश हित में सकारात्मक निर्णय होगा। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल किसानों और व्यापारियों के लिए, बल्कि उपभोक्ताओं और प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए भी एक बड़ा कदम सिद्ध होगी। उक्त जानकारी लक्ष्मण लोहिया, मीडिया प्रभारी कैट ने दी।

# अनंत चर्तुदर्शी एवं पयूर्षण पर्व में संवत्सरी व उत्तम क्षमा के उपलक्ष्य में मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के निर्देशानुसार अनंत चर्तुदर्शी के उपलक्ष्य में दिनांक 6 सितम्बर दिन शनिवार को एवं पयूर्षण पर्व में संवत्सरी व उत्तम क्षमा के अवसर पर दिनांक 8 सितम्बर दिन सोमवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग से कहा है कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना वसूल करे। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने-अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

# श्री बागेश्वर धाम मंदिर ट्रस्ट नगर के गौरवशाली गणेश पर्व में झांकियों का करेगा सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की शानदार गौरवशाली परंपरा श्री गणेश पर्व को राजनांदगाव के सबसे बड़े महोत्सव के रूपये मे मनाने की रही है। प्रथम पूज्य श्री गणेश जी की नगर की मूर्तियां, स्थल झांकी, विर्सजन झांकी प्रदेश में ही नही संपूर्ण देश में अपनी एक अलग अग्रणी स्थान व पहचान रखती है। नगर की। इसी गौरवशाली श्री गणेश पर्व में अपनी सहभागिता निभाने श्री बागेरश्वर धाम मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा विसर्जन झांकियों का स्वागत, सम्मान किया जावेगा। उक्त जानकारी देते हुए श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट के सेवक पंकज गुप्ता, सूरज गुप्ता द्वारा बताया गया कि, बागेश्वर धाम मंदिर के शिव भक्तों द्वारा विर्सजन झांकियों में नगर के सभी कोनो के नगरवासियों की सहभागिता निभाने व इसे महोत्सव का स्वरुप देने की कड़ी में विर्सजन झांकियों, भगवान श्री गणेश का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जावेगा तथा श्री बागेश्वर धाम मंदिर के सेवक संरक्षक सोहन लाल गुप्ता, डॉ डी.सी. जैन, कैलाश चंद गुप्ता, गणेश गुप्ता, राकेश ठाकुर (शनिधाम), भावेश अग्रवाल (संयोजक), विजय गुप्ता (अध्यक्ष), राजेश शर्मा (पूर्व सैनिक संघ), सौरभ खंडेलवाल, मयंक शर्मा (संयोजक), सौरभ गुप्ता, अजय गुप्ता, राज गुप्ता, विकास गुप्ता (सचिव), महेश शर्मा, विनय साहू, दिनेश अग्रवाल (मंच प्रभारी) व मंदिर से जुड़े अन्य धर्म सेवियों द्वारा झंकियों को प्रतीक चिन्ह देकर विर्सजन झांकियों का सम्मान किया जावेगा। उक्त स्वागत व सम्मान गंज लाईन स्थित श्री बागेश्वर धाम मंदिर ट्रस्ट के स्वागत मंच से किया जावेगा।



# वनांचल क्षेत्र कोठीटोला के कार्यक्रम में शामिल हुए नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहू

डोंगरगढ़/एल बी नगर (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले डोंगरगांव विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी की प्रतिमा स्थापित है। जिसके उपलक्ष्य में कोठीटोला पंचायत में आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों के द्वारा एक दिवसीय रात्रिकालीन रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों के द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। जिसके लिए अतिथियों ने सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दिया और कार्यक्रम में बुलाने और सबका सम्मान करने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देवेन्द्र साहू (नगर पंचायत अध्यक्ष लाल बहादुर नगर), अध्यक्षता श्रीमती गिरजावती कंवर (जनपद सदस्य डोंगरगढ़), विशिष्ट अतिथि हेमलाल वर्मा (मंडल महामंत्री लाल बहादुर नगर), कैलाश ऊके (अध्यक्ष सरपंच संघ), रामाधार ओझा (ब्लाक अध्यक्ष कबड्डी संघ), रेवाराम सिन्हा (पूर्व सरपंच रामपुर), रामलाल टांडेकर (सरपंच कोठीटोला), श्रीमती पूर्णाबाई मंडावी (पूर्व जनपद सदस्य), गैंदू राम पटेल (ग्राम पटेल), भुषण डिल्ला (पूर्व सरपंच), गोपीराम ऊइके, उमेश कुमार, राजेश कुमार, दिपक कंवर, मंजू राम , कमला बाई, चैनसिंग साहु, दुलचंद साहु, छन्नू राम विश्वकर्मा, जयंत्री बाई, मीला बाई, फुलबासन बाई सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# मांगे पूरी नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन - अश्विनी सोनवानी



**दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा संघ ने दी शासन को चेतावनी**

राजनांदगांव(दावा)। दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा संघ छत्तीसगढ़ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी सोनवानी ने शासन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगे पूरी नहीं की गई, तो संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि संगठन से जुड़े प्रदेश के 1256 परिवारों के साथ निरंतर अन्याय किया जा रहा है।

श्रीमति सोनवानी ने आगे कि प्रतिनिधि मंडल के साथ जब वे पंचायत मंत्री से मिलने उनके निवास पर पहुँचीं, तो महिला पुलिसकर्मी ने उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया। पुलिसकर्मी ने अपमानजनक टिप्पणी करते हुए उन्हें गाड़ी में घसीटकर बैठाया। इतना ही नहीं, उनके साथ गए छोटे-छोटे बच्चों को भी जबरदस्ती खींचा गया, जिससे उन्हें चोटें आईं। प्यास लगने पर बच्चों को पानी तक नहीं दिया गया और बाथरूम से पानी पीने को कहा गया। उन्होंने ने कहा कि शासन ने अनुकंपा नियुक्ति के निराकरण में केवल 27 पात्र अभ्यर्थियों को शामिल किया है, जबकि डी.एड. और टेट की पात्रता न रखने वाले अन्य सैकड़ों पात्र परिवारों को नज़रअंदाज़ कर दिया गया है। उन्होंने मांग की, कि नियमों में शिथिलता बरतते हुए तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी की रिक्तियों पर शैक्षणिक योग्यता अनुसार सभी को नियुक्ति दी जाए। सोनवानी ने स्पष्ट किया कि पूर्व में हुए धरना-प्रदर्शन के दौरान तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी में सहमति बनी थी, लेकिन अब शासन नए नियम बनाकर परिवारों के साथ छल कर रहा है। यदि शीघ्र ही न्यायपूर्ण आदेश जारी नहीं हुआ, तो संगठन उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

इस दौरान मुख्य रूप से प्रीति रामटेके, डीलेश्वरी ध्रुव, पूर्णिमा श्रीवास, सदीप कुमार साय, चंद्रावती, रोहीत साहू, राकेश कुमार रात्रे, चंद्रकांत नुरेटी, दिपक कुमार सिदार, मुकेश कुमार राजवाड़े, प्रियंका कुर्रे, चंद्रिका साहू, सिद्धार्थ सिंह परिहार, प्रदीप कुमार, राजेश महिलाग, सुमन यादव, बलेश्वरी भास्कर, रेखा नायक, भगवती कश्यप, घनश्याम, चन्द्रकला ठाकुर, रूखमणी डहरिया, अजनी देवहारी, दुर्गेश कुमार साहू, चित्ररेखा साहू, मायावती बंजारे, कुंती कोठारी, मीना ठाकुर, नवनीत कुमार देवागन, देवेन्द्र कुमार पटेल, रितेश कुमार धनकर, नंदकुमारी निषाद, सजय प्रताप सिह, पुलेश्वरी ठाकुर, राजेन्द्र कुमार साहू, सगीता साहू, कमलेश्वरी खना, रामेश साहू, निर्मला बंजारे, मिथलेश कौशिक आदि शामिल थे।

## शेष प्रथम पेज का...

**दिल्ली-एनसीआर में बाढ़, मंदिर....**

जम्मू के रामबन जिले में भारी बारिश, अचानक आई बाढ़ और लैंडस्लाइड के बाद 283 घर क्षतिग्रस्त हो गए। 950 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। रामबन के डिप्टी कमिश्नर अलयास खान ने बताया कि लगातार बारिश के कारण 29 अगस्त को रामबन के राजगढ़ तहसील के द्रुबला गांव में अचानक बादल फटने से बाढ़ और लैंडस्लाइड हुई थी।

**राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य गढ़ने....**

को लिखा नहीं जा सकता। तेजी से बदलते देश और दुनिया की आवश्यकताओं के अनुरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक दूरदर्शी और युगानुकूल पहल है। 21वीं सदी में हमारे विद्यार्थियों में रचनात्मकता, शोध प्रवृत्ति व डिजिटल दक्षता बढ़ाने के साथ ही यह नीति मातृभाषा में शिक्षा और भारत की समृद्ध विरासत से जुड़ाव पर विशेष बल देती है। उन्होंने आगे कहा, इस नीति के क्रियान्वयन में हमारे शिक्षकों की भूमिका सबसे अहम है। शिक्षक केवल ज्ञान का स्रोत ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों में मूल्यों का संचार करते हुए उन्हें देश का जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। अमृत काल में हम एक भव्य व विकसित भारत के निर्माण की दिशा में अग्रसर हैं। इस कर्तव्य काल में हमारे शिक्षक देश को ज्ञान शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाने में बड़ी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने अपने संदेश के अंत में सभी शिक्षा जगत से जुड़े लोगों को उनके समर्पण, तप और प्रेरणा के लिए नमन किया व शिक्षक दिवस की ढेर शुभकामनाएं दीं।

**छत्तीसगढ़ सरकार में 14 मंत्रियों की....**

से अधिवक्ताओं ने बताया कि मंत्रिमंडल की सीमा तय करने से जुड़ा एक मामला सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है, जिसमें 164 ( 1 ए) की व्याख्या होनी है। यह मामला मध्य प्रदेश शिवराज सिंह कैबिनेट का था,जिसमें मंत्रिमंडल की न्यूनतम और अधिकतम सीमा के लिए भी याचिका लगी हुई है। सुप्रीम कोर्ट में लगे केस की कॉपी भी छत्तीसगढ़ सरकार के अधिवक्ताओं ने अदालत के समक्ष पेश की थी, जिसपर चीफ जस्टिस ने कहा था कि जब वहां मामला लंबित है तो वहीं से डिसाइड करवाइए। पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने इस पर आपत्ति की और कहा कि वह मामला इंफेक्चुअस हो गया है। तब राज्य सरकार के अधिवक्ताओं ने बताया कि मामला इंफेक्चुअस नहीं हुआ है। फिर चीफ जस्टिस ने पूछा कि इस मामले में आखिरी सुनवाई कब हुई थी। राज्य सरकार के अधिवक्ताओं ने बताया कि 22 जुलाई 2020 को आखिरी बार मामला लगा था। उसमें खारिज करने संबंधी कोई आदेश जारी नहीं हुआ है और यह मामला अभी स्टैंड है। पिछली सुनवाई में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि चूंकि मामला सुप्रीम कोर्ट में लगा है तो फिर वहीं से डिसाइड करवाइए,फिर कोई विवाद ही नहीं रहेगा। याचिकाकर्ता ने इस पर अदालत से दो हफ्ते का समय मांगते हुए कहा कि दो हफ्ते में हम सुप्रीम कोर्ट से उस मामले में डिसीजन या कोई दिशा निर्देश ले आते हैं,तब तक याचिका खारिज न की जाए। पिछली सुनवाई में चीफ जस्टिस ने इस मामले में याचिकाकर्ता को समय देते हुए अगली सुनवाई तीन हफ्ते बाद रखी है।

**ट्रम्प बोले- हमने भारत-रूस को चीन....**

के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, इस समय इस पोस्ट पर मेरी कोई टिप्पणी नहीं है। वहीं इससे पहले तमाम पूर्व अमेरिकी अधिकारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भारत के साथ संबंध सुधारने की नसीहत दी थी। इस कड़ी में पूर्व अमेरिकी एनएसए जॉन बोल्टन ने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका-भारत संबंधों को दशकों पीछे धकेल दिया है, जिससे पीएम मोदी रूस और चीन के करीब चले गए हैं। बीजिंग ने खुद को अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप के विकल्प के रूप में पेश किया है। पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन और पूर्व उप विदेश मंत्री कर्ट एम. कैंपबेल ने एक लेख में लिखा कि अमेरिका और भारत के संबंध को दोनों ही दलों (डेमोक्रेट और रिपब्लिकन) का समर्थन मिला है। इन संबंधों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की मनमानी को भी रोका है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका के साझेदारों को भारत को यह समझाने की कोशिश करनी चाहिए कि ट्रंप का व्यवहार अक्सर किसी समझौते की शुरुआत का संकेत होता है।

**पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की...**

लेने उनके सरकारी आवास पर पहुंचे थे. बता दें कि पंजाब भीषण बाढ़ से जूझ रहा है, जिसमें मरने वालों की संख्या बढ़कर 43 हो गई है तथा गुरुवार तक 1.71 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र को नुकसान पहुंचा है. पिछले दो हफ्तों में, भगवंत मान ने नुकसान का आकलन करने और राहत कार्यों का जायजा लेने के लिए कई बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया. उन्होंने मंगलवार को नाव से फिरोजपुर जिले के गट्टी राजो का दौरा किया था. वह अमृतसर के बाढ़ प्रभावित इलाकों का भी दौरा किया था. हालांकि, मुख्यमंत्री मान कल तक अपने एक्स अकाउंट पर अपडेट पोस्ट करते रहे. एक पोस्ट में, उन्होंने घोषणा की कि हर बाढ़ प्रभावित गांव में एक राजपत्रित अधिकारी तैनात किया जाएगा ताकि प्रशासन और निवासियों के बीच सीधा संपर्क सुनिश्चित हो सके और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके.

**शिक्षक दिवसः छत्तीसगढ़ में बच्चों को....**

मुख्यमंत्री ने बच्चों से आह्वान किया कि वे शुभांशु शुक्ला से प्रेरणा लेकर अपनी रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ें और अपना तथा देश का नाम ऊंचा करें। अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि देश ने जो अवसर उन्हें प्रदान किया है, उसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी का मैं विशेष आभार व्यक्त करता हूं कि उनकी पहल से ऐसे सार्थक कार्यक्रम आयोजित हो पा रहे हैं। जब प्रदेश का मुखिया विज्ञान और शिक्षा से जुड़े आयोजनों को महत्व देता है, तो इसका सकारात्मक प्रभाव पूरे प्रदेश पर पड़ता है और बच्चों के भीतर नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा उत्पन्न होती है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, कलेक्टर रायपुर गौरव कुमार सिंह, प्रदेश भर से जुड़े स्कूली छात्र-छात्राएं और शिक्षकगण उपस्थित थे।

**अनिल अंबानी की मुश्किलें बढ़ीं....**

रिलायंस टेलीकॉम और रिलायंस इन्फ्राटेल को लोन की राशि ट्रांसफर की और कई बार पैसों को विभिन्न सहयोगी कंपनियों के जरिए घुमाया, जिससे गड़बड़ी को छुपाया जा सके। CBI की FIR के अनुसार, RCOM ने 783.77 करोड़ RTL को और 1435.24 करोड़ RITL को ट्रांसफर किए। वहीं कई कंपनियों और डमी अकाउंट्स के जरिए पैसों को घुमाया गया। आरोप है कि कंपनी प्रबंधन और प्रमोटरों ने बुक्स ऑफ अकाउंट्स में हेरफेर करके पैसों की गबन और भरोसे का उल्लंघन किया। CBI ने 23 अगस्त को अनिल अंबानी और RCOM से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी भी की। आरोपों में फर्जी सेल्स इनवॉइस, इंटर-कॉरपोरेट डिपॉजिट्स, पूंजीगत अग्रिम की गलत तरीके से लिखत-पढ़त और काल्पनिक डेब्टर्स बनाने जैसे गंभीर मामले शामिल हैं।

**पीड़ित परिवारों को....**

में इसी प्रकार का एक दुखद हादसा हुआ था, तब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने पीड़ित परिवारों को 50-50 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान कर उनके जीवन-निर्वाह की ठोस पहल की थी. अतः आपसे आग्रह है कि बगीचा, जशपुर हादसे के प्रत्येक मृतक पीड़ित परिवार को 50-50 लाख का मुआवजा और घायलों को समुचित आर्थिक सहायता व निःशुल्क व अच्छे इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए.

**सुरक्षाबलों के साथ एनकाउंटर....**

टीम अंतर-जिला सीमा पर नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। पुलिस के मुताबिक, इस साल छत्तीसगढ़ में अब तक अलग-अलग एनकाउंटर में 230 नक्सली मारे गए हैं। इसमें से 209 नक्सली बस्तर संभाग में मारे गए हैं, जिसमें बीजापुर, बस्तर, कांकेर, कोनाडागांव, नारायणपुर, सुकमा और दंतेवाड़ा जिले आते हैं। पुलिस ने कहा कि अभियान इसी तरह जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि घटनास्थल से एक महिला नक्सली का शव, एक राइफल और बेरेल ग्रेनेड लॉन्चर बरामद किया गया है।

**केंद्र सुनिश्चित करेगा जीएसटी...**

इतना बड़ा परिवर्तन रातोंरात नहीं हो सकता। अमेरिका ने टैरिफ का फैसला पिछले महीने ही लिया था। उन्होंने कहा कि केंद्र यह सुनिश्चित करने के लिए निगरानी रखेगा कि उपभोक्ताओं को कम करों का पूरा लाभ मिले। राज्यों को भी इसकी निगरानी करनी चाहिए। गोयल ने इस दौरान कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर भी निशाना साधा। वस्तु व सेवा कर व्यवस्था को तर्कसंगत बनाने में देरी के लिए सरकार पर निशाना साधे जाने पर उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि विपक्षी दलों ने अपनी अपनी अक्षमता फिर उजागर कर दी है। वे 2004-14 के दौरान सत्ता में रहने के दौरान जीएसटी लागू नहीं कर सके और केवल भ्रष्टाचार में व्यस्त रहे। गोयल ने कर्नाटक और तेलंगाना की कांग्रेस सरकारों पर आरोप लगाया कि वे 3 सितंबर को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली और सभी राज्यों के वित्त मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद को इन सुधारों को मंजूरी देने से रोकने की कोशिश करती रही। इससे उनकी पार्टी की पोल खुल गई। अंततः यह फैसला सर्वसम्मति से लिया गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए गोयल ने कहा कि वह एक रॉकेट की तरह हैं जो कई कोशिशों के बावजूद उड़ान नहीं भर पा रहा है। क्या उन्हें खुद पता है कि उन्होंने किसी मुद्दे पर पहले क्या कहा था और अब क्या कह रहे हैं? देश की जनता उनकी टिप्पणियों से प्रभावित नहीं होती।

# निजी भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग का अनिवार्य रूप से निर्माण करने आयुक्त ने दिये निर्देश, नहीं करने पर राशि होगी राजसात

राजनांदगांव (दावा)। निगम सीमाक्षेत्र में कतिपय लोगों के द्वारा भवन निर्माण अनुज्ञा लेकर पूर्णतः प्रमाण पत्र नही लिया जाता और न ही भवन पूर्ण होने की सूचना दी जाती है। जिससे यह सुनिश्चित नही हो पाता है कि भवन में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग निर्मित है अथवा नही। इस संबंध में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने सभी निजी भवन निर्माणकर्ताओं से नोटिस के माध्यम से कहा है कि आपको प्रदत्त भवन अनुज्ञा का भवन पूर्णतः के लिए आवेदन प्रस्तुत कर पूर्णतः प्रमाण पत्र प्राप्त करें और रेन वॉटर हार्वेस्टिंग निर्माण की फोटोग्राफ सहित सूचना प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति में निगम कोष में जमा सुरक्षा निधि राशि निकाय द्वारा उपयोग कर वॉटर हार्वेस्टिंग निर्माण किया जाएगा।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि नगर निगम द्वारा निजी भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग निर्माण हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गयी है, इस हेतु 150 वर्गमीटर आकार वाले निजी भवनों में भवन स्वामी की जमा अमानत राशि को राजसात कर शासन से निर्धारित आदर्श प्राक्कलन ड्राईंग डिजाईन अनुसार चयनित रूचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से रेन वॉटर हार्वेस्टिंग निर्माण कराया जाएगा।

# सुशासन की सरकार में विकास की रफ्तार तेज-विक्रांत सिंह



खैरागढ़ (दावा)। ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुकुरमुड़ा में पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला के बालवाड़ी हेतु निर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया गया। साथ ही कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

### मुख्य अतिथि रहे विक्रांत सिंह

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. राजेश्री शैलेन्द्र त्रिपाठी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष लखन साहू, भाजपा नेता विकेश गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य जमुना नरेश कुर्रे, शैलेन्द्र मिश्रा, शैलेन्द्र त्रिपाठी, दीक्षा पूर्णाचंद गुप्ता, सरपंच चित्ररेखा गोलू पाल, खेमलाल पाल, यादराम साहू, हरप्रसाद वर्मा व जगन्नाथ वर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत नवनिर्मित भवन का फीता काटकर लोकार्पण से हुई। इसके बाद अतिथियों ने कबड्डी प्रतियोगिता में शिरकत की और खिलाड़ीयों का उत्साहवर्धन किया।

### जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने रखे विचार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि प्रदेश में सुशासन की सरकार है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकास कार्यों की रफ्तार तेज हुई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में कोई कमी नहीं रखी जाएगी।

### कांग्रेस शासन पर साधा निशाना

विक्रांत सिंह ने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में कोई विकास कार्य नहीं हुआ। कई बड़े नेता शराब घोटाले में संलिप्त रहे और जांच के बाद आबकारी मंत्री सहित कई नेता जेल पहुंच गए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार में गौठान योजना और राजीव गांधी युवा मितान क्लब के नाम पर करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार किया गया।

### भाजपा सरकार की योजनाओं का जिक्र

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनते ही किसानों को धान अंतर की राशि एकमुश्त दी गई है। साथ ही महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये सीधे उनके खाते में दिए जा रहे हैं।

### क्षेत्रवासियों की रही बड़ी भागीदारी

इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी और क्षेत्र के लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने लोकार्पण और खेल आयोजन का आनंद उठाया तथा शासन की योजनाओं के लाभ की चर्चा भी की।

# गणेश प्रतिमा का विर्सजन शिवनाथ नदी के पास निर्मित विर्सजन कुण्ड में ही करें - महापौर



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा गणेश विसर्जन के लिये प्रति वर्ष मोहारा स्थित शिवनाथ नदी में व्यापक व्यवस्था की जाती है, निगम द्वारा विसर्जन के लिये विशालकाय विसर्जन कुण्ड का निर्माण किया गया है। जिसमें गणेश, दुर्गा आदि सभी प्रतिमायें विसर्जित की जाती है, जहाँ इस वर्ष भी गणेश प्रतिमा विसर्जित की जायेगी।

उक्त संबंध में महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि नगर निगम द्वारा गणेश विसर्जन के लिये नगर सहित मोहारा स्थित शिवनाथ नदी में प्रति वर्ष व्यापक व्यवस्था किये जाते है। जिसके तहत शहर में वॉच टावर का निर्माण,चौक चौराहों में लाईट की व्यवस्था, के साथ साथ सड़कों का पेचवर्क, साफ सफाई व पानी टैंकर रखे जाते है। साथ ही शिवनाथ नदी के चारो ओर लाईट, बेरीकेटिंग आदि व्यवस्था की जाती है। इसी कडी मे प्रतिमा विसर्जन के लिये शिवनाथ नदी के पास निगम द्वारा निर्मित विसर्जन कुण्ड में गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया जाना है।

महापौर श्री यादव ने बताया कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एन.जी.टी.) द्वारा नदी व तालाब में मूर्ति विसर्जित करना प्रतिबंधित किया गया है। उक्त बात को ध्यान में रख कर निगम द्वारा विसर्जन कुण्ड का निर्माण किया गया है। जिसमें प्रतिवर्ष सभी प्रतिमाएं विसर्जित की जाती है। उन्होंने सभी समितियों एवं गणेश प्रतिमा रखने वाले लोगों से अपील की है कि वे मूर्ति विसर्जन कुण्ड में ही करे, साथ ही पूजा के लिये टेबल लगाया गया है। जिसमें प्रतिमा रखकर पूजा की जायेगी, उसके पश्चात विसर्जन किया जायेगा तथा पूजा सामग्री विसर्जन के लिये अलग से स्थान बनाया गया है, उसमें पूजा सामग्री विसर्जित करना है। उन्होंने विसर्जन कुण्ड में प्रतिमा विसर्जित कर सहयोग करने की अपील की है। महापौर श्री यादव ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिये नगर निगम द्वारा वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसी कडी में शहर के भीतरी भाग में भी वृक्षारोपण किया गया है, चूंकि गणेश विसर्जन के दिन झांकी देखने शहर के अलावा बाहर से भी लोग आते है। जिससे भीड़ बहुत हो जाती है। भीड़ के कारण लगाये गये पौधे को नुकसान न हो इसका ख्याल हम सबको रखना है, क्योंकि यदि वह पौधा वृक्ष का रूप ले लेगा तो हमारा वातावरण स्वच्छ हो जायेगा। साथ ही बाहर से आये हुये लोगों की सुरक्षा का ध्यान भी हम नगर वासियों को करना है, क्योंकि झाकी निकलने वाले रोड़ में भीड़ होने के कारण परेशानी होती है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से आये हुये लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका हमें ध्यान रखना है, ताकि हमारे संस्कारधानी का नाम बना रहे।

# इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षक दिवस पर हुआ शिक्षकों का सम्मान




**अंबागढ़ चौकी स्कूल में सह सचिव एवं प्रशासन ने शिक्षकों को बांटे उपहार**

अंबागढ़ चौकी (दावा)। शिक्षक दिवस के अवसर पर इंग्लिश मीडियम स्कूल अंबागढ़ चौकी में शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला संचालन समिति, नांदगांव शिक्षा मंडल के सह सचिव उमेश अग्रवाल तथा प्रशासक डॉ. आर. एन. सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने अपने शिक्षकों के लिए खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कीं।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर स्मरण किया गया। उप सचिव उमेश अग्रवाल ने नांदगांव शिक्षा मंडल के शिक्षा के प्रति संकल्प की विस्तृत जानकारी शिक्षकों को उपलब्ध कराई। इसी क्रम में डॉ.आर.एन. सिंह ने राधाकृष्णन जी के अविस्मरणीय योगदान की चर्चा करते हुए मर्म स्पर्शी सच्ची घटना का जिक्र कर शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डाला। इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्राचार्य डॉ. सूर्यकांत मिश्रा ने शिक्षकों से आग्रह किया कि बच्चों की शिक्षा के साथ उनके विकास में अपनी भूमिका का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें ताकि आने वाले भविष्य में इन्हीं बच्चों के मस्तिष्क में आपकी छवि अमिट हो सकें। अंत में शिक्षकों सहित सभी कर्मचारियों को उपहार प्रदान किए गए ।

# आबकारी विभाग द्वारा 23.400 बल्क लीटर अवैध मदिरा जप्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, परिवहनकर्ताओं, सार्वजनिक स्थल पर मद्यपान करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा थाना चिचोला अंतर्गत आने वाले लालबहादुर नगर में दीनूराम साहू के कब्जे से देशी मदिरा प्लेन 48 नग पाव मात्रा 8.640 बल्क लीटर एवं विदेशी मदिरा गोवा स्पेशल 82 नग पाव मात्रा 14.760 बल्क लीटर कुल 23.400 बल्क लीटर अवैध मदिरा जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती कुसुमलता जोल्हे, आबकारी उप निरीक्षक श्री राजकुमार कुर्रे, आबकारी आरक्षक जनार्दन प्रसाद पांडेय व श्री आर्यन ठाकुर, आबकारी स्टाफ श्री अनिल, मनीष शामिल थे। जिले में अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही सभी वृत्त प्रभारियों को होटल-ढाबों की नियमित जांच और अवैध मदिरा विक्रय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये है।

# जिला भाजपा ने जीएसटी की दरें कम करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जताया आभार



राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी के मार्गदर्शन मे जीएसटी की दर कम करने के निर्णय को ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए इस फैसले को आजादी के बाद जनता के हित में लिया गया एक बड़ा कदम बताया।

श्री राजपूत ने कहा कि इस बैठक में रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं पर टैक्स दरों को बड़े पैमाने पर घटाया गया है। अनेक वस्तुओं को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। कई उपयोगी सामान अब 12 प्रतिशत से केवल 5 प्रतिशत की श्रेणी में आ गए हैं। आम जनता को राहत देने के लिए अनेक वस्तुओं को 28 प्रतिशत से 18 प्रतिशत कर दिया गया है और कुछ वस्तुएँ तो सीधे 12 प्रतिशत से शून्य (0 प्रतिशत) कर दी गई हैं। इसके साथ ही छोटे व्यापारियों की कर-अनुपालन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए रिटर्न फाइलिंग को आसान किया गया है और जटिल नियमों में व्यापक सुधार किए गए हैं। यह कदम निश्चित रूप से व्यापार में तेजी आएगी और भारत की अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाएगा।

इन निर्णयों को जनता के लिए ऐतिहासिक बताते हुए राजपूत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्तमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज देश की 140 करोड़ जनता को जीएसटी काउंसिल के फैसलों से प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। यह केवल व्यापारी वर्ग का ही नहीं बल्कि किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग, महिला उपभोक्ता और छोटे दुकानदार सभी का हित साधने वाला निर्णय है। मोदी सरकार ने एक बार फिर साबित किया है कि यह सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर चल रही है।

श्री राजपूत ने विशेष रूप से डॉ. रमन सिंह का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले कई वर्षों से उन्होंने जीएसटी, डायरेक्ट टैक्स और इनडायरेक्ट टैक्स जैसे जटिल विषयों पर केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सेतु का कार्य किया है। डॉ. रमन सिंह के 5 दशकों के अनुभव और मार्गदर्शन ने हमेशा व्यापारिक वर्ग और शासन के बीच विश्वास एवं संवाद की मजबूत कड़ी बनाई है। जीएसटी सुधारों में उनकी दूरदर्शिता और प्रयासों ने छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश के व्यापारियों को लाभ पहुँचाया है। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। श्री राजपूत ने कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय से न केवल महंगाई पर अंकुश लगाने वाला है बल्कि विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने की दिशा में एक निर्णायक कदम भी है। कर सुधारों के इस नए अध्याय से देश की अर्थव्यवस्था को नई गति और नई ऊर्जा मिलेगी। यह सुधार केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह सीधे-सीधे आम जनता की थाली, छोटे व्यापारियों की दुकान और उद्योगों की उत्पादन लागत में कमी के रूप में दिखाई देगा।

श्री राजपूत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्तमंत्री, जीएसटी काउंसिल एवं डॉ. रमन सिंह का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जीएसटी की दरों में कमी करने के निर्णय से आने वाली पीढ़ियों को भी इसका लाभ मिलेगा। हम सभी को गर्व है कि ऐसे निर्णायक समय में हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व मिला है।

# थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा शांति एव कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु असमाजिक तत्वों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही जारी



- थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 02 के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय पेश किया
- पूर्व में अनावेदक महेश्वर राजपुत के विरूद्ध आर्म्स एक्ट एवं मारपीट जैसे अपराध पजीबद्ध

डोंगरगढ़ (दावा)। वरिष्ठ अधिकारी पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा अपने थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों पर नजर रख रही है, साथ ही क्षेत्र में डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा मुहिम छेड़ दी है। इसी अभियान के तहत क्षेत्र में निम्न 02 के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है।

इस्तगाशा क्रमांक 121/2025 धारा-170/126, 135(3) बीएनएसएस दिनांक 04.09.2025 के 10:30 बजे करीबन अटल आवास नाकापारा डोंगरगढ़ के पास अनावेदक महेश राजपूत पिता टीकम राजपूत उम्र 30 निवासी अटल आवास नाकापारा डोंगरगढ जिला राजनांगांव छ.ग. द्वारा नशे के हालत मे आने जाने वाले लोगों को एवं अपने मोहल्ले के लोगों को हल्ला-गुल्ला कर वाद विवाद करने लगा मोहल्ले के लोगों के द्वारा समझाने पर नही माना जिस पर और आक्रोशित होकर मारने पिटने पर उतारू हो गया था जिसके विरूद्ध धारा-170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही किया गया हैं

इस्तगाशा क्रमांक-122/2025 धारा-170/126,135(3) बीएनएसएस दिनांक-04.09.2025 के सुबह 10:40 बजे अग्रसेन चौक माहावीर पारा डोंगरगढ के पास शक्ति मरकाम पिता स्व. गोपाल मरकाम उम्र 35 साल निवासी मेढा दारू भठ्ठी रोड थाना डोंगरगढ जिला राजनांदगांव के द्वारा अग्रसेन चौक के पास आने जाने वाले ग्रामीणों पुरूष एव महिलाओं को साथ वाद विवाद एवं लड़ाई झगड़ा एवं अश्लील गाली गलौच कर हो-हल्ला कर रहा था, जिसे ग्रामीणों के द्वारा समझाने का प्रयास किया गया, जिस पर और आक्रोशित होकर गाली गुप्तार कर मारने एवं मारने पर उतारू हो गया था, जिसके विरूद्ध धारा-170/126,135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही किया गया हैं।

# सामाजिक सहायता हेतु पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

राजनांदगांव (दावा)। सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का प्रतिवर्ष वार्षिक सत्यापन कराया जाता है। उक्त कार्य मैन्युअली होता रहा है, भारत सरकार के निर्देशानुसार अब आधार आधारित मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से सत्यापन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत निकाय क्षेत्र के कुल 51 वार्डो में से 30 वार्डो के पेंशन हितग्राहियों का पेशन सत्यापन किया जा चुका है। शेष वार्डो के पेंशन हितग्राहियों का सत्यापन करने शेष वार्डो में दिनांक 2 सितम्बर से 12 सितम्बर 2025 तक प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर के साथ-साथ निगम कार्यालय के पेंशन शाखा में भी कार्यालयीन समय में सत्यापन किया जायेगा। शेष वार्डो में शिविर के तहत 8 सितम्बर सोमवार को मोहारा वार्ड नं. 47 के लिए पार्षद कार्यालय देवांगन पारा मोहारा में, रानी जोतकुंवर वार्ड नं. 50 के लिए सार्वजनिक मंच गौठान सिंगदई में व शिवनाथ वार्ड नं. 51 शिविर आयोजित किया गया है। वार्डो में आयोजित शिविर में सत्यापन कराकर पेंशन योजना का लाभ ले सकते है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर आयोजित किये जायेंगे।

# क्यूआर कोड से अब मनरेगा कार्यो की मिलेगी पूरी जानकारी



**ग्रामीण करेंगे सीधे योजना की निगरानी**
**डिजिटल पारदर्शिता की ओर बढ़ते सशक्त कदम**

राजनांदगांव (दावा)। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी ग्राम पंचायतों के लिए विशेष क्यूआर कोड तैयार किया गया है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में इन क्यूआर कोडों को पंचायत भवनों एवं प्रमुख स्थलों पर स्थापित किया जा रहा है।

ग्रामीण अपने मोबाइल से इन क्यूआर कोड को स्कैन कर मनरेगा अंतर्गत गत तीन वर्षों में हुए सभी स्वीकृत एवं संपन्न कार्यों की पूरी जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते है। यह व्यवस्था मनरेगा कार्यों को नागरिकों के लिए पूरी तरह पारदर्शी और सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। क्यूआर कोड से मिलने वाली प्रमुख जानकारी में पिछले तीन वर्षों में गांव में मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की सूची, प्रगति पर कार्य, पूर्ण हो चुके कार्य, व्यय की गई राशि, उत्पन्न मानव दिवस एवं कुल सक्रिय श्रमिकों की जानकारी शामिल रहेगी। इससे जुड़ी जानकारी ग्रामीण अपने मोबाइल पर तत्काल देख सकते है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि क्यूआर कोड से जानकारी प्राप्त करने की यह पहल ग्रामीणों को मनरेगा की सीधी निगरानी का अधिकार देती है। अब ग्रामीण स्वयं देख सकेंगे कि उनके गांव में कौन-कौन से कार्य स्वीकृत हुए, कितने पूरे हुए और कितना भुगतान हुआ है। इससे न केवल पारदर्शिता सुनिश्चित होगी, बल्कि ग्रामीणों को योजनाओं का वास्तविक लाभ समय पर मिल सकेगा। ग्रामीण सीधे क्यूआर कोड से मनरेगा अंतर्गत सभी जानकारी प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की पारदर्शिता एवं सुशासन की नीति को आगे बढ़ाते हुए यह पहल राजनांदगांव जिले की सभी ग्राम पंचायतों में लागू की जा रही है। इससे विकास कार्यों की जानकारी पर ग्रामीणों का सीधा दृष्टिकोण रहेगा और योजनाओं की प्रगति पर जनता की सीधी नजर बनी रहेगी।

# विश्वविद्यालय में नशामुक्ति एवं मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय व्याख्यान संपन्न



- सिम्हांस के निदेशक डॉ. प्रमोद गुप्ता ने दिया व्याख्यान
- कुलपति के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ कार्यक्रम

खैरागढ़ (दावा)। नशामुक्ति एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह मे संपन्न हुआ। कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के कैम्पस-2 स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित उक्त व्याख्यान में सेंट्रल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंस राजनांदगांव के निदेशक डॉ. प्रमोद गुप्ता के द्वारा विद्यार्थियों को नशामुक्ति एवं मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में विभिन्न जानकारी प्रदान की गई।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में विद्यार्थी तनाव में आकर आत्महत्या जैसे कदम उठा रहे हैं, जिसकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। बेहतर भविष्य का तनाव, शिक्षकों का तनाव एवं प्रतिस्पर्धा सहित प्रेम संबंध के कारण अधिकतर युवा आत्महत्या के शिकार हो रहे हैं। बचपन से ही माता-पिता अपने बच्चों को अपने हिसाब से कार्य कराना चाहते हैं। जिसकी वजह से उनका तनाव और अधिक बढ़ जाता है। 18 से 20 साल के बच्चें अपने आपसी संबंधों को मैनेज नहीं कर पाते जिसके कारण वें नशापान की ओर आगे बढ़ रहे हैं। डॉ. गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में 53 प्रतिशत लोग ओव्हर डोज नशा कर रहे हैं, जिसका मुख्य कारण तनाव है। उन्होंने कहा कि वैवाहिक जीवन में खुशहाल रहने के लिये एक-दूसरे को समझना आवश्यक है, आपसी रिश्तों को समय देना आवश्यक है तभी जीवन बेहतर चल पायेगा। खासकर वर्तमान समय में युवाओं को आधुनिक उपकरण जैसे मोबाईल, लैपटॉप या टीवी आदि का उपयोग सीमित रूप से करने की सलाह दी। जन्म से लेकर मृत्यु तक तनाव आपके साथ रहेगा ऐसे में बेहतर जीवन के लिये उसके नियंत्रण पर प्रबंधन करना आवश्यक है। जीवन में अलग-अलग कार्यों को लेकर तनाव होना संभव है, परंतु महत्वपूर्ण यह है,कि आपका मन कितने धैर्य व शांत रहकर बौद्धिकता का उपायेग कर उन समस्याओं को दूर करने की सोचता है, यही स्वस्थ मन की परिभाषा है। डॉ. गुप्ता ने 18वीं सदी से लेकर 21वीं सदी तक की पीढ़ियों के बारे में बताते हुये वर्तमान में बढ़ते नशे के कारण व इसके निदान के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि पहले लोग अपने परिवार को महत्व देते थे, उनके साथ समय व्यतीत करते थे। लेकिन अब सोशल मीडिया में लोग अपना फैमली बनाने में लगे हैं, ऐसे में उनके भीतर संस्कार तथा ज्ञान कैसे आयेंगे। लोगों को सोशल मीडिया की काल्पनिक दुनिया से बाहर निकलकर वास्तविक जीवन जीने के लिये प्रेरित किया। वर्तमान में लोग अपने घर के बुजुर्गों को वृद्धाश्रम भेज रहे हैं, तो उनके बच्चें अपनी परंपरा एवं संस्कृति का ज्ञान कहां से अर्जित कर पायेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से ब्रह्म मुहुर्त में उठकर दिनचर्या का प्रारंभ करने की बात कही और मानसिक स्वास्थ्य के लिये 8 घंटे की भरपूर नींद लेने की अपील की। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों के द्वारा बेहतर भविष्य सहित अन्य विषयों के संबंध में सवाल पूछे गये। जिसका संतुष्टिपूर्वक उत्तर भी डॉ. गुप्ता के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर अधिष्ठातागण प्रो.राजन यादव व प्रो. नमन दत्त, सहायक कुलसचिव विजय कुमार सिंह सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, अधिकारीगण तथा विद्यार्थीगण, शोधार्थीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन अधिष्ठाता छात्र कल्याण संघ डॉ. देवमाईत मिंज ने किया।

# वाणिज्य विभाग में परिषद गठन संपन्न, निकिता बनी अध्यक्ष



**भूतपूर्व विद्यार्थियों का भी हुआ सम्मान**

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 4 सितंबर को प्राचार्य डॉ. ई.वी. रेवती के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग द्वारा परिषद गठन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वाणिज्य विभाग के प्रमुख जी.के. यादव ने परिषद गठन के महत्व एवं इसके माध्यम से विद्यार्थियों को होने वाले लाभों पर प्रकाश डालते हुए किया। उन्होंने परिषद सदस्यों की जिम्मेदारियों एवं कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी। सहायक प्राध्यापक बी.पी. साहू ने नेतृत्व क्षमता और समन्वय के साथ कार्य करने को परिषद के सदस्यों का मूल दायित्व बताया।

परिषद में अध्यक्ष के रूप में निकिता गुप्ता, उपाध्यक्ष भुवनेश्वरी, सचिव डिंपल, सहसचिव टीनम, कोषाध्यक्ष महक एवं लोमीन तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गगन, दीपक, दुखहरन, सविता एवं दुर्गा को मनोनीत किया गया। नवनिर्वाचित सदस्यों को पदभार ग्रहण करवाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान भूतपूर्व विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। सत्र 2023-24 में प्रथम स्थान प्राप्त चितरानी साहू, द्वितीय स्थान पर राजदीप कौर भाटिया एवं राहुल तथा तृतीय स्थान पर हेमा पटेल को सम्मानित किया गया। पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और वर्तमान विद्यार्थियों को अध्ययन के प्रति प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन अतिथि व्याख्याता पुर्वेश बांधव एवं आभार प्रदर्शन सहा. प्राध्या. बी.पी. साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर एम.कॉम प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# स्ट्रेचर में मृतिका का शव रखकर परिजनों ने किया चक्का जाम, कृष्णा हास्पीटल मुर्दाबाद के लगे नारे

राजनांदगांव (दावा)। शहर के जी.ई. रोड स्थित कृष्णा हास्पीटल में डाक्टरो के सामने उस समय विकट स्थिति उत्पन्न हो गई जब वहां भर्ती रही प्रसविता शिक्षिका की मौत हो जाने से गुस्साए परिजनों ने स्ट्रेचर पर शव रखकर प्रदर्शन किया और हंगामा करते हुए हास्पीटल के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। शुक्रवार 5 सितंबर को दोपहर डेढ़-दो बजे के करीब हास्पीटल के सामने हुई इस घटना के चलते नेशनल हाईवे में लंबा जाम लग गया। इससे लोग देर तक परेशान होते रहे। इस दौरान प्रदर्शनकारी लोगों व पुलिस के बीच झुमाझटकी देखी गई।



मामला बिगड़ते देख हास्पीटल के डाक्टर हुए फरार

### नेशनल हाइवे में लगा वाहनों का लंबा जाम

बता दें कि डोंगरगढ़ क्षेत्र की मेरे गांव निवासी एक निजी स्कूल की गर्भवती शिक्षिका को प्रसव हेतु 30 अगस्त को पाताल भैरवी के समीप कृष्णा हास्पीटल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने गर्भवती शिक्षिका का आपरेशन के माध्यम से प्रसव तो करा दिया इससे शिशु तो सही-सलामत जन्मा लेकिन प्रसविता शिक्षिका की स्थिति बिगड़ने लगी। हास्पीटल के डाक्टरों ने आनन- फानन में उसे शंकराचार्य के लिए रिफर किया। बिगड़ी हालत में उक्त महिला को एंबुलेंस में ले जा रहे थे पर सोमनी के समीप पहुंचते ही उसे जोर-जोर से हिचकी आने लगी। सांस ऊपर चढ़ने लगा। महिला की हालत गंभीर होते देख एंबुलेंस मोड़ कर उसे फिर शहर लाते हुए उसे आनन-फानन में चिखली स्थित संजीवनी हास्पीटल में भर्ती कराया गया, जहां कुछ दिनों के उपचार के बाद उक्त महिला की मौत हो गई। बौखलाए हुए परिजनों ने इसे कृष्णा हास्पीटल के डाक्टरों की लापरवाही बताते हुए शव को स्ट्रेचर में लाकर कृष्णा हास्पीटल के सामने रख प्रदर्शन किया। इससे नेशनल हाईवे में दोनों ओर से आवाजाही ठप हो गई और लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के परिजनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन परिजन हास्पीटल के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर डटे रहे। कोतवाली थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह के काफी प्रयासों के बाद लोग ले-देकर मानें और चक्काजाम ख़त्म किया गया।

### मामला बिगड़ते देख हास्पीटल के डॉक्टर हुए फरार

बताया दें कि डोंगरगढ़ क्षेत्र के मेरेगाव की रहने वाली 21 साल की सरोज पटेल को बीते शनिवार को डिलवरी के लिए पुलिस प्रशिक्षण केंद्र विद्यालय के पास स्थित कृष्णा अस्पताल में परिजनों ने भर्ती कराया था। अस्पताल में भर्ती होने के एक दिन बाद महिला की सेहत बिगडने लगी आनन-फानन में कृष्णा अस्पताल के चिकित्सकों ने महिला को चिखली स्थित संजीवनी अस्पताल लाया गया। वहां 5 दिन तक उपचारार्थ भर्ती महिला की सेहत में कोई सुधार नहीं आया और उसकी मौत हो गई।इस बीच महिला ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। परिजनों का आरोप है कि मृतिका को रिफर करने के बाद कृष्णा अस्पताल प्रबंधन ने कोई सुध नहीं ली। जिसके चलते महिला की मौत हो गई। मृतिका एक निजी स्कूल की शिक्षिका थी। बताया गया कि मृतिका का गाव के ही ओंकार पटेल के साथ वर्ष 2025 में विवाह हुआ था। अस्पताल में हंगामा के बाद पुलिस ने स्थिति को सम्हालने की कोशिश की। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक अस्पताल के चिकित्सक और प्रबंधक फरार हो गए। कोतवाली थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस हास्पीटल के डाक्टरों के सामने आने के बाद ही आगे की कार्रवाई हो सकेगी।

# जुलूस ए मोहम्मदी के दौरान मुस्लिम समाज में खासा उत्साह, धूमधाम के साथ मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी



राजनांदगांव (दावा)। जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस शानो शौकत के साथ निकाला गया जुलूस में मोहम्मद साहब के आशिकों का भारी जन सैलाब था। मुस्लिम समाज के अध्यक्ष रईस अहमद शकील ने बताया मोहम्मदी जुलूस में लोग दुरुद शरीफ, सलातो सलाम पढ़ते हुए चल रहे थे। इसके साथ ही हर किसी की जुबां पर नबी की आमद मरहबा के नारों की गूंज थी। परचम कुसाई-मीलाद के बाद मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआएं की गई सभी एरिए के लोग जुलूस की शक्ल में जामा मस्जिद में इक्कठा होकर जुलूस भारत माता चौक, गंज चौक, लोहार पारा, कासीई मोहल्ला, रामाधीन मार्ग , कामठी लाइन, गुड़ाखू लाइन, आज़ाद चौक मानव मंदिर चौक, होते हुए इस्लाम चौक जूनी हटरी में समापन हुआ, रईस अहमद शकील ने कहा कि हमें चाहिए हम अपने नबी के बताए हुए रास्ते पर चले और इस मिलादुन्नबी में हम ये अहद करें कि अखलाक एवं भाई चारे को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाएं। और इंसानियत के साथ मुल्क में शांति को बढ़ावा देते हुए नफरत फैलाने और समाज को तोड़ने वाले लोगों का बहिष्कार करें। जुलूस में समाज के बड़े बुजुर्ग बच्चे यूवा प्रमुखता से मौजूद रहे।

### नवयुवक मंडल ने जुलूस का स्वागत किया

नवयुवक मंडल के प्रकाश जैन, सनद विश्वकर्मा, रितेश यादव, संजीव कसार, संजय वाडेकर, गोली कसार आदि पदाधिकारी व सदस्यों ने मोहम्मदी जुलूस का स्वागत किया। श्री शकील ने कहा ईद-मिलादुन्नबी पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है, जो उनके जीवन, शिक्षाओं और मानवता को समर्पित संदेश को याद करने का पर्व है। इस 1500 वर्षों के गौरवशाली इतिहास के मौके पर मस्जिदों, इस्लामी धर्म स्थलों और सामाजिक संस्थाओं में विशेष दुआएं, नात-ए-शरीफ़ व साथ ही गरीबों और जरूरतमंदों में खाना और कपड़े भी वितरित किए जाते है जो इस दिन के महत्व को और बढ़ाते हैं। इसलिए इस पर्व का उल्लास भारत के सभी समुदायों के बीच प्रेम और भाईचारे का संदेश फैलाए हुए है। प्रशासन ने भी इस दिन सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करते हुए कार्यक्रमों के सुचारू संचालन का इंतजाम किया था। 1500 वर्षों की यात्रा, जिसमें पैगंबर साहब के आदर्श और सच्चाई की मिसाल आज भी मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं, जो इस उत्सव को विशेष बनाती है। पूरे देश के मुसलमान समुदाय के साथ-साथ अन्य धर्मों के लोग भी इस पर्व में हिस्सा लेकर एकता और सहिष्णुता का संदेश देते हैं।

# विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे मेडिकल कालेज में सीटी स्कैन मशीन का लोकार्पण



**स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा एवं ट्रॉमा सेंटर स्थापना के भूमिपूजन कार्यक्रम में होंगे शामिल**

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 6 सितंबर को शाम 4 बजे भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव में सीटी स्कैन मशीन का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा एवं ट्रॉमा सेंटर स्थापना हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद संतोष पाण्डेय, महापौर मधुसूदन यादव, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल, अध्यक्ष सीजीएमएससी दीपक मस्के, अध्यक्ष पर्यटन मंडल नीलू शर्मा, अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल योगेश दत्त मिश्रा, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव, पूर्व विधायक रामजी भारती, रमेश पटेल, श्रीमती गीता साहू, पद्मश्री पुखराज बाफना, पार्षद वार्ड नंबर 20 कुलेश्वर ध्रुव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

# अवैध शराब के खिलाफ मुहिम छेड़ने वाले भाजपा के जनपद सदस्य व उसकी पत्नी पर जानलेवा हमला



छुरिया (दावा)। ग्राम घोरतलाव क्षेत्र में अवैध शराब व जुआं सट्टा के खिलाफ अभियान छेड़ने वाले भाजपा के जनपद सदस्य एवं सभापति पलनी स्वामी नायडू तथा उनकी सरपंच पत्नी उर्मिला नायडू पर देर रात अज्ञात आरोपियों ने लाठी डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। वारदात उस वक्त हुई जब जनपद सदस्य अपनी पत्नी के साथ तेलीनबांधा में आयोजित रामायण कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। घोरतलाव मार्ग पर दो अज्ञात आरोपियों ने उनकी गाड़ी पर डंडे से वार कर दिया। घटना के दूसरे दिन आज शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दे दी गई। बागनदी थाने में भी रिपोर्ट दर्ज करायी गई है।

ज्ञात हो कि बीते एक पखवाड़े से घोरतलाव पंचायत एवं क्षेत्र में भाजपा के जनपद सदस्य एवं सभापति पलनी स्वामी नायडू एवं उनकी धर्मपत्नी सरपंच श्रीमती उर्मिला नायडू अपने क्षेत्र में अवैध शराब, जुआं सट्टा के खिलाफ मुहिम चला रहे हैं ताकि क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाया जा सके। इसी कड़ी में बीते दिनों पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग भी की गई थी। गुरूवार को रात्रि साढ़े दस बजे तेलीनबांधा में रामायण कथा से वापसी के दौरान अज्ञात दो आरोपियों ने उन पर जानलेवा हमला कर आरोपी भाग खड़े हुए। इस हमले में उनकी कार के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी लगने पर आज दूसरे दिन क्षेत्र के ग्रामीण बड़ी संख्या में बागनदी थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराकर अज्ञात हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग की है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com